CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 11 अंक : 46 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शुक्रवार 06 मार्च, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8

## भजनलाल शर्मा, भूपेंद्र यादव और मदन राठौड़ टीकाराम जूली के पैतृक गांव पहुंचे और जूली की माता को श्रद्धा सुमन अर्पित किए





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ गुरुवार को प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली के पैतृक गांव पहुंचे। जहां इन तीनों नेताओं ने टीकाराम जूली की दिवंगत माता चलती देवी की फोटो पर पुष्प अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और जूली तथा उनके परिजनों से बातचीत की और सांत्वना दी जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरुवार को हेलीकॉप्टर से टीकाराम जूली के गांव कथुवास पहुंचे। मुख्यमंत्री शर्मा के साथ केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली की मां चलती देवी का जयपुर में जूली के सरकारी आवास पर निधन हो गया था। कुछ दिन पहले ही टीकाराम जूली की बेटी की शादी भी हुई थी जिसमें राजस्थान और देश भर के विभिन्न राजनीतिक दलों के बड़े-बड़े राजनेताओं ने अपनी उपस्थिति दिखाई थी लेकिन अपनी पोती की शादी के कुछ दिनों बाद ही चलती देवी का निधन हो गया ।चलती देवी के निधन पर राजस्थान ही नहीं बल्कि देश भर के विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने गहरा शोक प्रकट किया जूली के पैतृक गांव में लगातार देश भर से आने वाले राजनेताओं के आने का सिलसिला बना हुआ है। राजस्थान में भी बड़ी संख्या में विभिन्न दलों के राजनेता जूली के गांव पहुंचकर शोक सभा में शामिल हो रहे हैं। जानकार लोगों का कहना है कि टीकाराम जूली काफी सरल सौम्या और व्यवहार कुशल राजनेता हैं हालांकि राजस्थान विधानसभा में प्रदेश की भजनलाल सरकार को कटघरे में खड़ा करने में उन्होंने अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। लेकिन जहां तक उनके व्यक्तिगत ताल्लुकात की बात है उनके व्यक्तिगत तालुकात सभी राजनीतिक दलों के राजनेताओं से काफी अच्छे हैं सभी राजनेता उनका काफी सम्मान करते हैं इसीलिए उनकी माता के निधन पर देश भर के राजनेताओं के आने का सिलसिला लगातार बना हुआ है ।

## सदन में यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खरा का बड़ा ऐलान- अजमेर नगर निगम के पिछले 6 महीने में जारी प्रत्येक पट्टा की होगी जांच, चार अधिकारी एपीओ

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान विधानसभा में गुरुवार को प्रदेश के नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्राने जोर देकर कहा कि अजमेर नगर निगम की ओर से पिछले 6 महीने में जारी किए गए प्रत्येक पट्टा की जांच होगी और जो भी अधिकारी और कर्मचारियों तथा अन्य कोई व्यक्ति इस मामले में दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। यूडीएच मिनिस्टर खर्रा ने अजमेर नगर निगम के चार अधिकारियों को एपीओ करने की भी घोषणा की। जानकारी के अनुसार गुरुवार को शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने अजमेर नगर निगम की ओर से गांव थोक तेलियां के खसरा नंबर 2227 से जुड़ी अनियमिताओं की ओर उठाया था रविंद्र सिंह भाटी ने राजस्थान विधानसभा में ध्यान आकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से अजमेर नगर निगम में हुए पट्टा घोटाला और राजस्व रिकॉर्ड में हेर फेर का मुद्दा उठाया था। भाटी ने विधानसभा में कहा कि अजमेर नगर निगम की ओर से खसरा संख्या 2227 में राजस्व रिकॉर्ड में हेरा फेरी करके और तथ्य छुपा कर गलत तरीके से पट्टा जारी किए गए । भाटी ने सदन में स्पष्ट किया कि कैसे भू माफिया और सरकारी तंत्र की मिली भगतसे करोड़ों की सरकारी जमीन का बंदरबांट किया गया, भाटी के इस प्रकरण पर जवाब देते हुए नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह ने राजस्थान विधानसभा में कहा कि यह भूमि मूल रूप से 1971 में नगर सुधार न्यास द्वारा अधिग्रहित की गई थी हालांकि मुआवजे पर सहमति नहीं बनने के कारण यह भूमि राजस्व रिकॉर्ड में तकनीकी रूप से न्यास के नाम दर्ज नहीं हो सकी। लेकिन बाद में इसे नगर निगम को स्थानांतरित कर दिया गया मंत्री ने स्वीकार किया कि इस जमीन पर फर्जी लीज जारी करने की कोशिश पहले भी दो बार हो चुकी है वर्तमान में यह मामला सिविल जज कोर्ट में विचाराधीन है। जहां तथ्य छुपाने के लिए फिर की कार्रवाई की प्रक्रिया भी वर्तमान में यह मामला सिविल जज कोर्ट में विचाराधीन है जहां तथ्य छुपाने के लिए पुलिस में मामला दर्ज करने की प्रक्रिया भी जारी है मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक पूरे घोटाले की विस्तृत जांच करेंगे। इसके अलावा अजमेर कलेक्टर को निर्देश दिए गए हैं कि वह अतिरिक्त कलेक्टर रैंक के अधिकारी से दो सप्ताह के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करें यूडीएच मिनिस्टर झाबर सिंह ने लीज जारी करने और अनियमिताओं में शामिल डिप्टी कमिश्नर (विकास) सीनियर ड्राफ्टर, जूनियर इंजीनियर सिविल और जूनियर अस्सिटेंट को कारण बताओं नोटिस जारी किए गए हैं झाबर सिंह खर्रा ने सदन को भरोसा दिलाया कि फर्जी लीज में शामिल चार कर्मचारियों को एपीओ के आदेश आज ही जारी कर दिए जाएंगे । सरकार ने आदेश दिया है कि पिछले 6 महीना के भीतर अजमेर नगर निगम द्वारा जारी किए गए प्रत्येक पट्टा की जांच की जाए । जानकारी के अनुसार राजस्थान विधानसभा में अजमेर नगर निगम का यह मामला गुरुवार को जोर-जोर से उठने के बाद अजमेर नगर निगम प्रशासन से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है। आने वाले दिनों में सरकार की ओर से पिछले 6 महीना में जितने भी पट्टे जारी किए गए उन सब की जांच होनी है इसलिए सरकार के इस आदेश के बाद अजमेर नगर निगम प्रशासन से जुड़े लोगों में गुरुवार को खलबली मच गई। जानकारी के अनुसार सदन में यूडीएच मिनिस्टर ने साफ कहा है कि जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी इसलिए इस मामले में कहीं ना कहीं उच्च स्तर पर घोटाला हुआ और अगर इस मामले की ठीक तरह से जांच संपादित होती है तो निश्चित रूप से कई बड़े अधिकारी और लोगों के नाम इस घोटाले में सामने आ सकते हैं ।

## जयपुर, बीकानेर, नागौर, जोधपुर की अदालत में बम की सूचना, पुलिस और प्रशासन में मचा हड़कंप

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश में गुरुवार को एक बार फिर से कई जिला अदालत में बम होने की सूचना ने पुलिस और प्रशासन से जुड़े अधिकारियों के हाथ-पांव फुल दिए। प्रदेश में गुरुवार को बीकानेर की सभी अदालत में बम होने की सूचना ईमेल के माध्यम से दी गई जिसके बाद बीकानेर सेशन कोर्ट, छतरगढ़ खाजूवाला और अन्य सभी अदालतों में सदन तलाशी अभियान शुरू किया गया। डॉग स्क्वाड और बमनिरोधक दस्ते भी मौके पर बुलाए गए वकीलों और अदालत परिसर में मौजूद सभी लोगों को सुरक्षा की दृष्टि से अदालत से बाहर किया गया इसके बाद अदालत परिसर और आसपास के इलाके में सघन जांच पड़ताल शुरू की गई लेकिन पुलिस को मौके पर कुछ भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने बीकानेर सेशन कोर्ट को पूरी तरह से सुरक्षित करार दिया पुलिस ने खाजूवाला छतरगढ़ श्री डूंगरगढ़ इत्यादि जगह पर स्थित अदालत परिसर में भी सदन तलाशी अभियान शुरू किया गया लेकिन पुलिस को मौके पर कुछ भी नहीं मिला। पुलिस अब उस ईमेल की जांच पड़ताल कर रही है जिसमें बम होने की सूचना दी गई थी इसी तरह से जोधपुर सेशन कोर्ट में भी ईमेल के माध्यम से बम होने की सूचना गुरुवार को दी गई इसके बाद पुलिस ने मौके पर खोजी कुत्ते और बमनिरोधक दस्ते बुलाए फायर ब्रिगेड की गाड़ियों कोभी बुलाया गया अदालत परिसर से वकील और अन्य सभी लोगों को बाहर किया गया। इसके बाद पुलिस ने यहां भी जगह-जगह जांच पड़ताल की और अदालत परिसर के आसपास के इलाके में भी पुलिस ने सघन तलाशी अभियान शुरू किया लेकिन यहां भी पुलिस को कुछ भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों में जोधपुर हाई कोर्ट परिसर में भी बम होने की सूचना ईमेल के माध्यम से दी गई थी पिछले कुछ महीनो में दो बार जोधपुर हाई कोर्ट में बम होने की सूचना दी गई गुरुवार को जोधपुर सेशन कोर्ट में बम होने की सूचना दी गई लेकिन अब तक जोधपुर की अदालत में बम होने की जो सूचना दी गई वह सभी सूचना गलत साबित हुई गुरुवार को भी जोधपुर सेशन कोर्ट में बम होने की सूचना पूरी तरह से गलत साबित हुई द्य बीकानेर जोधपुर के बाद नागौर सेशन कोर्ट में भी गुरुवार को ईमेल के माध्यम से बम होने की सूचना दी गई यहां भी पुलिस ने अदालत परिसर को पूरी तरह से खाली करवाया यहां पर पुलिस ने डॉग स्क्वायड और बमनिरोधक दस्ता भी बुलाया अदालत परिसर और आसपास के इलाके में सघन जांच पड़ताल की गई लेकिन कहीं पर भी पुलिस को संदिग्ध वस्तु नहीं मिली इसके बाद यहां भी पुलिस ने बम होने की सूचना को गलत करार दिया गुरुवार को जयपुर सेशन कोर्ट में कमरा संख्या 125 में भी ईमेल के माध्यम से बम होने की सूचना दी गई सूचना मिलने के बाद जयपुर पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे मौके पर डॉग स्क्वायड और बमनिरोधक दस्त फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को भी बुलाया गया अदालत परिसर में कई जगहों पर सघन जांच पड़ताल की गई और अदालत परिसर के आसपास के इलाके में भी जांच पड़ताल की गई लेकिन कहीं पर भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली इसके बाद पुलिस ने जयपुर सेशन कोर्ट को भी पूरी तरह से सुरक्षित करार दिया उल्लेखनीय है कि जयपुर हाई कोर्ट जयपुर जिलाधीश कार्यालय और जयपुर की कुछ स्कूलों में भी बम होने की सूचना कुछ महीने पहले दी गई थी लेकिन यह सभी सूचना पूरी तरह से गलत साबित हुई लेकिन बड़ी बात यह है कि अब तक ईमेल के माध्यम से बम होने की जितनी भी सूचना दी गई उनमें पुलिस की जांच कभी भी कंप्लीट नहीं हुई पुलिस ईमेल करने वाले लोगों को नहीं पहचान पाई जानकारी लोगों का कहना है कि पुलिस को साइबर एक्सपर्ट व्यक्ति से इस मामले में मदद लेनी चाहिए क्योंकि जब तक इस तरह की ईमेल करने वाले लोगों को गिरफ्तार करके उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई नहीं की जाएगी तब तक इस तरह से गलत सूचना देकर पुलिस और जिला प्रशासन के लिए तो मुश्किल खड़ी करते ही रहेंगे इसके अलावा इस तरह की सूचनाओं से आमजन भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### विधानसभा में जोरदार हंगामा

## सभापति और डोटासरा के बीच बहस, सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्य गैलरी में नजर आए



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान विधानसभा में गुरुवार को बड़े बिलों पर चर्चा हुई लेकिन चर्चा के दौरान सदन में भयंकर हंगामा भी देखने को मिला। आसन पर बैठे सभापति संदीप शर्मा और कांग्रेस नेता गोविंद सिंह डोटासरा के बीच आपस में जोरदार तल्ख बहस सुनने को मिली। बताया जा रहा था कि राजस्थान दुकान और वाणिज्यिक अधिष्ठान संशोधन विधेयक 2026 पर विधायक हरिमोहन शर्मा बोल रहे थे इस दौरान आसान से संदीप शर्मा ने घंटी बजाकर हरिओम शर्मा को अपना संबोधन खत्म करने के लिए कहा इस पर गोविंद सिंह डोटासरा ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि विधायक बिल पर बोल रहे हैं और आप उन्हें बीच में नहीं रोक सकते इस पर संदीप शर्मा और गोविंद सिंह डोटासरा के बीच आपस में काफी देर तीखी बहस हुई। आसन पर बैठे संदीप शर्मा ने खड़े होकर गोविंद सिंह डोटासरा को हिदायत दी इस बीच दोनों पक्षों के सदस्यों के बीच जोरदार नारेबाजी होने लगी । भारी हंगामा और शोरगुल के बीच कांग्रेस पार्टी की विधायक सदन की गैलरी में आ गए और गोविंद सिंह डोटासरा के समर्थन में नारेबाजी करने लगे इस बीच संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने दखल देने की कोशिश की तो सत्ता पक्ष के भी कुछ विधायक जोगाराम पटेल की सीट पर जाकर उनके समर्थन में खड़े हो गए। सदन की गैलरी में कांग्रेस विधायकों की नारीबाजी चलती रही उधर संदीप शर्मा विधायकों को वापस लौटने के निर्देश देते रहे लेकिन सत्ता पक्ष के भी कुछ विधायक सदन की गैलरी में आ गए जिसकी वजह से हंगामा और बढ़ गया। सदन में हंगामा के दौरान सत्ता पक्ष की ओर से अविनाश गहलोत, श्री चंद्र कृपलानी, हमीर सिंह, मदन दिलावर, कैलाश वर्मा, हेमंत मीणा, रमेश खींची ,सुखवंत सिंह जेठालाल व्यास, फूल सिंह मीणा, गोपीचंद मीणा, हरलाल सहारण, रामविलास डूंगरपुर ताराचंद और अन्य विधायक सदन की गैलरी में आ गये। इस दौरान मदन दिलावर और हाकम अली में तो आपस में जोरदार टकराव के हालात देखने को मिले। दोनों के बीच कुछ ही दूरी का फैसला रह गया था उधर कांग्रेस की तरफ से गोविंद सिंह डोटासरा, नरेंद्र बुडानिया ,हरिमोहन शर्मा, दीनदयाल बेरवा, दीपचंद खेरिया, अमित चाचान, प्रशांत शर्मा, रीता चौधरी, भगवान राम सैनी, राजेंद्र पारीक, रामकेश मीणा, मनीष यादव, डूंगरराम गदर, अमीन कागजी हाकम अली घनश्याम मेहर और अन्य विधायक भी सदन की गैलरी में आकर नारेबाजी करते रहे, इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने सत्ता पक्ष के विधायकों को वापस अपनी सीट पर जाने को कहा। आसन पर बैठे संदीप शर्मा कहते रहे आप लोग सड़क छाप हो आप दादागिरी कर रहे हो आपके हिसाब से सदन नहीं चलेगा ।उधर कैबिनेट मंत्री अविनाश गलत अपनी सीट पर पहुंचने के बाद बोले कि यह नाथी का बड़ा नहीं है जो आप अपनी मनमर्जी चलाएंगे ।

## सदन में राजस्थान जन विश्वास विधेयक पर भारी हंगामा, सत्ता पक्ष और विपक्ष में तीखी बहस नोक झोक

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं)** राजस्थान विधानसभा में गुरुवार को राजस्थान जन विश्वास अमेंडमेंट पर चर्चा के दौरान विपक्ष के विधायकों ने सरकार को कटघरे में खड़ा किया और कई सवाल खड़े किए हालांकि चर्चा के बाद राजस्थान विधानसभा में गुरुवार को यह महत्वपूर्ण बिल पारित हो गया, इस बिल पर चर्चा के दौरान कांग्रेस के विधायक शांति धारीवाल ने कहा कि इस बिल से 11 एक्ट में संशोधन करने जा रहे हैं जिस विभाग के जो मंत्री हैं उनको जवाब देना पड़ेगा। सारे संशोधन एक साथ नहीं कर सकते उन्होंने कहा कि यहां वन मंत्री नहीं है और आप 11 संशोधन गलत लेकर आए हो जबकि शिक्षा मंत्री भी यहां पर मौजूद नहीं है कांग्रेस विधायक नरेंद्र बुडानिया ने भी कहा कि संशोधन सोच समझकर नहीं किया गया है और अधिकारियों के कहने पर इसे लेकर आए हैं उन्होंने आरोप लगाया कि इस बिल से बड़े लोगों को लाभ होगा अपराध छोटा बड़ा नहीं होता है और यह बिल जनता के हित में नहीं है सरकार इस बिल के जरिए कुछ लोगों को फायदा पहुंचाना चाहती है और इससे अपराधियों का हौसला बढ़ेगा उन्होंने मांग की की इस बिल को जनमत के लिए भेजा जाए। रफीक खान ने भी विधायक का विरोध करते हुए कहा कि इस बिल में 11 कानून शामिल हैं उन्होंने आरोप लगाया कि खेजड़ी काटने वालों पर कार्रवाई न हो सके इसलिए यह बिल लाया गया है उन्होंने कहा कि इस कानून से आम आदमी को नुकसान होगा रफीक खान ने कहा कि उजाले की किरण मांगी आपने और आग लगाने का ऑर्डर दे दिया। 11 अलग-अलग डिपार्मेंटों के कानून एक साथ लेकर आ रहे हो इससे क्या परंपरा बनेगी उन्होंने आरोप लगाया कि वन अधिनियम के अंदर तमाम माफिया को फ्री कर दिया गया है और वन विभाग व सोलर वालों के लिए संशोधन किया जा रहा है। इस बिल पर जवाब देते हुए कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि वे विपक्ष की मजबूरी को समझते हैं उन्हें तो विरोध ही करना है उन्होंने कहा कि यह कानून जन्म विश्वास विधायक है और इस पर अपनी मर्जी के अनुसार आरोप लगाए गए हैं मंत्री ने कहा कि वन अधिनियम में केवल एक संशोधन है कई सदस्यों ने यह कहने की कोशिश की की यह अडानी के लिए किया गया है जबकि हमें जिम्मेदार लोगों की तरह गंभीरता से विचार करना चाहिए

## अमित शाह की मौजूदगी में नीतीश कुमार और पांच अन्य एनडीए उम्मीदवारों ने राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल किया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** बिहार की राजनीति में गुरुवार का दिन काफी अहम रहा जब बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और एनडीए के पांच उम्मीदवारों ने राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रस्तुत किया। इस मौके पर केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह भी विधान परिषद में मौजूद रहे नामांकन के दौरान एनडीए के कई वरिष्ठ नेता और विधायक भी मौजूद रहे विधानसभा परिसर में समर्थन की काफी भीड़ देखी गई। राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन करने वालों में जनता दलयु के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा शामिल हैं। तीनों राष्ट्रीय अध्यक्षों का एक साथ राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल करना बिहार की राजनीति में एक अनोखा और ऐतिहासिक क्षण माना जा रहा है इसके अलावा केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर और भाजपा के प्रदेश महामंत्री शिवेश कुमार ने भी अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ जनता दल यूके वरिष्ठ नेता लल्लन सिंह मंत्री विजेंद्र यादव श्रवण कुमार और एनडीए के कई दिक्कत नेता मौजूद रहे। विधानसभा परिसर में गठबंधन के नेताओं और कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह भी देखने को मिला । नेताओं ने इसे एनडीए की मजबूती और एकजुट का प्रतीक बताया। राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की जांच 6 मार्च को होगी जबकि नाम वापस लेने के अंतिम तिथि 9 मार्च निर्धारित की गई है यदि जरूरत पड़ी तो 16 मार्च को मतदान कराया जाएगा। मतदान सुबह 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक होगा और उसी दिन शाम 5:00 बजे से मतगणना शुरू की जाएगी। जानकारी के अनुसार बिहार से जिन राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल 9 अप्रैल को समाप्त हो रहा है उसमें अमरेंद्र धारी सिंह, प्रेमचंद गुप्ता, रामनाथ ठाकुर,उपेंद्र कुशवाहा और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह शामिल हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के ऐलान के बाद बिहार की राजनीति में नया दौर शुरू होने की चर्चा तेज हो गई है सियासी गलियारों में अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि नीतीश कुमार के बाद राज्य के कमान किसके हाथ में जाएगी। हालांकि कई नाम सामने आ रहे हैं लेकिन भाजपा के भीतर यह भी चर्चा है कि पार्टी पारंपरिक दावेदारों से हटकर कोई नया प्रयोग कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक भाजपा इस बार मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर चौंकाने वाला फैसला ले सकती है पार्टी नेतृत्व इस संभावना पर भी विचार कर रहा है कि किसी नए सामाजिक समीकरण वाले चेहरे को आगे किया जाए खासकर अति पिछड़ा वर्ग या गैर यादव ओबीसी समाज से किसी नेता को सामने लाने की रणनीति पर मंथन चल रहा है। बिहार की राजनीतिक लंबे समय से सामाजिक समीकरणों के इर्द-गिर्द घूमती रही है ऐसे में भाजपा अगर पहली बार राज्य में अपना मुख्यमंत्री बनती है तो वह ऐसा चेहरा सामने ला सकती है जो नए वोट बैंक को जोड़ सके पार्टी के रणनीतिकार मानते हैं कि नया चेहरा लाकर वह राजनीतिक संतुलन और सामाजिक विस्तार दोनों में बैलेंस कर सकती है। जानकारी के अनुसार एनडीए की भीतर भी इस मुद्दे पर कई तरह की चर्चाएं चल रही है जनता दल यू के कुछ नेता चाहते हैं कि नीतीश कुमार की पसंद के किसी चेहरे को मुख्यमंत्री बनाया जाए वहीं भारतीय जनता पार्टी के भीतर यह राय मजबूत बताई जा रही है कि राज्य में अब पार्टी को अपनी राजनीतिक ताकत के अनुरूप नेतृत्व मिलना चाहिए। जानकारी के अनुसार मौजूदा उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का नाम भी मुख्यमंत्री पद की रेस में आगे चल रहा है कोइरी समाज से आने वाले सम्राट चौधरी को संगठन और सरकार दोनों का अनुभव है भाजपा अगर ओबीसी समीकरण को साधना चाहेगी तो उनका नाम स्वभावी रूप से मजबूत विकल्प माना जा रहा है दूसरे उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा भी संभावित दावेदारों में शामिल है संघ पृष्ठभूमि से आने वाले विजय सिन्हाको पार्टी नेतृत्व का भरोसेमंद चेहरा माना जाता है हालांकि बिहार की जातीय राजनीति को देखते हुए अंतिम फैसला पूरी तरह से राजनीतिक समीकरण और केंद्रीय नेतृत्व की रणनीति पर निर्भर करेगा कुल मिलाकर नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के फैसले के बाद बिहार की राजनीति एक नए मोड़ पर खड़ी है ।

## पश्चिम बंगाल के राज्यपाल ने इस्तीफा दिया, विधानसभा चुनाव से पहले बढ़ी हलचल

जयपुर टाइम्स

**कोलकाता(एजेंसी)** पश्चिम बंगाल की राजनीति में विधानसभा चुनाव से पहले बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनके इस फैसले ने राज्य की राजनीतिक हलचल को और तेज कर दिया है। चुनाव से पहले राज्यपाल का पद छोड़ना एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। सीवी आनंद बोस ने 17 नवंबर 2022 को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के रूप में पदभार संभाला था। फिलहाल वह दिल्ली में मौजूद हैं और उनके इस्तीफे की आधिकारिक वजह सामने नहीं आई है। इस इस्तीफे के बाद पश्चिम बंगाल की राजनीति में कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।




CMYK

## निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर आज

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** महावीर इन्टरनेशनल अलवर केंन्द्र द्वारा संचालित आचार्य हस्ति चिकित्सालय, 1 शान्तिकुंज, भवानी तोप सर्किल, मीनल होटल के पास, अलवर में आज दिनांक 06 मार्च 2026 शुक्रवार को निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर प्रातः 8.30 बजे से 10:30 बजे तक लगाया जा रहा है। केन्द्र सचिव वीर सूर्यकान्त भारद्वाज ने बताया कि इस शिविर में मरीजों की नेत्र जाँच कर मोतियाबिन्द के मरीजो को चिन्हित किया जायेगा, चिन्हित मरीजों के लैंस प्रत्यारोपण के ऑपरेशन डॉ. राकेश गुप्ता (नेत्र रोग विशेषज्ञ) द्वारा निःशुल्क किए जायेंगे।ऑपरेशन के बाद मरीजों को रहने, खाने, दवाईया, चश्में की सुविधा निःशुल्क रहेगी। नोटः आँखों की जाँच कराने वाले रोगी अपना आधार एवं वोटर आई.डी या राशन कार्ड की फोटों प्रति साथ लावें।

## भार्गव युवा संघ का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न, अनुमेहा भार्गव बनीं अध्यक्ष

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** भार्गव युवा संघ, अलवर का शपथ ग्रहण समारोह 4 मार्च को आयोजित किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अशोक भार्गव एवं सह-निर्वाचन अधिकारी अमिता भार्गव ने बताया कि सत्र 2026-28 के लिए नामांकन 1 मार्च को भार्गव आश्रम में भरे गए थे, जिसमें अनुमेहा भार्गव को अध्यक्ष तथा सचिव पद पर दीपशिखा भार्गव सहित पूरी टीम को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में निर्वाचन अधिकारी द्वारा अध्यक्ष अनुमेहा भार्गव, उपाध्यक्ष विदित भार्गव व नितिन भार्गव, सचिव दीपशिखा भार्गव, कोषाध्यक्ष विनोद भार्गव, सह-सचिव रितु भार्गव व निधि भार्गव, खेल सचिव दीवांक भार्गव तथा संगठन मंत्री आशीष भार्गव सहित कार्यकारिणी सदस्य आयुष, प्रियंका, कनिका, रूबी, दीक्षा, सुची एवं रिया भार्गव को कर्तव्य एवं निष्ठा के साथ समाज हित में कार्य करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सभी पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों को निर्वाचन अधिकारी एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। निर्वाचन अधिकारी ने पूर्ण सहयोग के लिए युवा संघ के सलाहकार आशीष भार्गव, कार्यवाहक अध्यक्ष हिमांशू भार्गव तथा कार्यवाहक सचिव पवित्रा भार्गव का धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह में भार्गव सभा अलवर के अध्यक्ष च्यवन भार्गव, सचिव हरीश भार्गव सहित समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## प्रस्ताव मिलने पर कृषि उपज मण्डी ब्यावर की भूमि पर मिनी सचिवालय बनाने के संबंध में विचारः रावत

**(निसं.)**जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने गुरूवार को विधानसभा में कहा कि कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावर के मुख्य मण्डी प्रांगण में रिक्त भूमि नहीं है। मण्डी के नाम 149 बीघा 11 बिस्वा भूमि राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है, जो कि वर्तमान में मण्डी के उपयोग में आ रही है। साथ ही कृषि विपणन के लिए आरक्षित है। उन्होंने कहा कि मण्डी समिति से इस भूमि के अन्य उपयोग के संबंध में प्रस्ताव प्राप्त होने पर किसानों एवं व्यापारियों की सुविधा, मण्डी में आवक एवं स्थानीय मांग को ध्यान में रखकर गुणावगुण के आधार पर निर्णय लिया जाएगा। रावत प्रश्नकाल के दौरान विधायक शंकर सिंह रावत द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का कृषि विपणन मंत्री की ओर से जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग से प्रस्ताव मिलने पर कृषि उपज मण्डी ब्यावर की भूमि पर मिनी सचिवालय बनाने के संबंध में विचार किया जाएगा। इससे पहले सदस्य रावत के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में उन्होंने बताया कि कृषि उपज मण्डी समिति, ब्यावर में बरसाती पानी एवं मण्डी प्रांगण में स्थापित ऊन प्रसंस्करण इकाई ऊन विकास सहकारी उद्योग लि. से ऊन धुलाई के पश्चात् निकलने वाले पानी की निकासी हेतु नाला निर्मित है। रावत ने बताया कि कृषि उपज मण्डी समिति, ब्यावर द्वारा हरित राजस्थान योजनान्तर्गत 425 पेड़-पौधे लगाए गए हैं। उन्होंने इसका विवरण सदन के पटल पर रखा।

## विधानसभा क्षेत्र वल्लभनगर में देरी से चल रहे सड़कों के कार्य इस माह में पूरे होना संभावितः दिया कुमारी

जयपुर टाईम्स

**जयपुर(निसं.)** उप मुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण मंत्री दिया कुमारी ने गुरूवार को विधानसभा में कहा कि विधानसभा क्षेत्र वल्लभनगर में गत 2 वर्षों में सड़कों के कुल 95 कार्यों के लिए 65 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गयी है। इनमें से 35 कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा 32 कार्य प्रगतिरत हैं। शेष 28 कार्यों के लिए निविदाएं प्रक्रियाधीन हैं। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि वल्लभनगर विधानसभा क्षेत्र में 11 कार्य देरी से चल रहे हैं। इन्हें मार्च 2026 तक पूरा किया जाना संभावित है। उप मुख्यमंत्री प्रश्नकाल के दौरान विधायक उदयलाल डांगी द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रही थीं। उन्होंने कहा कि बजट वर्ष 2026-27 के तहत वल्लभनगर में 8 करोड़ रुपये की लागत से डबोक एनएच-48 से टांक तक सड़क निर्माण की घोषणा की गई है। इससे पहले सदस्य डांगी के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में उन्होंने बताया कि विधान सभा क्षेत्र वल्लभनगर में 86 सड़कें क्षतिग्रस्त एवं नॉन पेचेबल थीं। जिनमें से 43 कार्यों की स्वीकृति जारी की जा चुकी हैं। स्वीकृत कार्यों में से 17 कार्य पूर्ण हो चुके हैं एवं 11 कार्य प्रगतिरत हैं। 7 कार्यों के लिए निविदा स्वीकृति पत्र जारी किये जा चुके हैं। शेष 8 कार्यों की निविदाएँ 05 मार्च 2026 को प्राप्त की जाएंगी। उन्होंने इसका विवरण सदन के पटल पर रखा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा बजट घोषणा वर्ष 2026-27 में वर्तमान सड़कों के नवीनीकरण व सुदृढ़ीकरण की आवश्यकता को देखते हुए नॉन पेचेबल व क्षतिग्रस्त सड़कों के लिए 1400.00 करोड़ रुपये की घोषणा की गई है।


### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड चूरू

क्रमांक :- 6556-6576 दिनांक :- 05-03-2026

**एकल स्त्रोत उपापन निविदा सूचना संख्या : 56 / 2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील व जिला चूरु में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों (जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो ) / विशिष्ट सेवा प्रदाताओं / विशिष्ट आपूर्तिकर्ताओं से निर्धारित प्रपत्र में टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा एकल स्त्रोत उपापन निविदा आमंत्रित की जाती है ।

NIB No.- PWD2526A6005

| S.No. | UBN NO. |
|---|---|
| 1. | PWD 2526WSOB25020 |

(ऋतिक सांखला)
अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड चूरू


# जिला कलक्टर ने ली जिले के आधारभूत संरचनागत कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक

### इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करावें - जिला कलक्टर

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में प्रगतिरत इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों की विभागवार विस्तृत समीक्षा कर कार्यों को निर्धारित टाइमलाइन में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने पीडब्ल्यूडी, आरएसआरडीसी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग एवं समाज कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों के आधारभूत संरचनागत कार्यों की बिंदुवार समीक्षा कर निर्देश दिये कि संबंधित विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर समस्त कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के 65 से अधिक सड़क निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि समस्त कार्यों को और अधिक गति देकर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को इनका लाभ यथाशीघ्र मिल सके। उन्होंने भवन निर्माण कार्यों, जिनमें प्रतापगढ़, मालाखेड़ा व कठूमर कॉलेज भवन निर्माण, प्रतापगढ़ में तहसील भवन निर्माण, राजगढ़ कोर्ट कांप्लेक्स निर्माण कार्य सहित छात्रावास एवं खेल स्टेडियम निर्माण कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि राजकीय चिकित्सालय एवं महिला व शिशु चिकित्सालय में आंतरिक सड़क निर्माण कार्यों को मार्च माह में पूर्ण करावें। उन्होंने चिकित्सा विभाग के स्वीकृत एवं प्रगतिरत 66 निर्माण कार्यों की समीक्षा कर उन्हें निश्चित समयावधि में पूर्ण कराने निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने आरएसआरडीसी के विश्वविद्यालय में भवन निर्माण कार्य, जिला चिकित्सालय में 100 बैड भवन निर्माण, क्रिटिकल केयर निर्माण कार्य, उमरैण आईटीआई सहित अन्य कंस्ट्रक्शन संबंधित कार्यों को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने समसा के 50 से अधिक प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा कर कार्यों को गुणवत्ता के साथ यथाशीघ्र पूर्ण कराने तथा जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियंता को भाखेड़ा एनीकट निर्माण कार्य को मार्च माह में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता भूरी सिंह, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, पीएमओ डॉ. सुनील चौहान, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक लक्ष्मण सिंह, एडीपीसी मनोज शर्मा, जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियंता संजय खत्री सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला प्रशासन की अनुशंसा पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजना के तहत राज्य सरकार ने स्वीकृति की राशि

### करीब साढ़े 14 करोड़ रूपये की लागत राशि से अलवर शहर में होंगे विकास कार्य

### कन्वेंशन सेंटर निर्माण, खेल एवं पर्यटन के सुविधाओं के विस्तार आदि के होंगे कार्य

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला प्रशासन की अनुशंसा पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजनान्तर्गत राज्य सरकार द्वारा स्वीकृति राशि से अलवर शहर में 14 करोड़ 40 लाख रूपये की लागत राशि से खेल एवं पर्यटन के सुविधाओं के विस्तार एवं कन्वेंशन सेंटर निर्माण कार्य कराए जाएंगे, जिसमें राज्य सरकार द्वारा योजनान्तर्गत 9 करोड़ 70 लाख एवं नगर विकास न्यास द्वारा 4 करोड़ 70 लाख व्यय किए जाएंगे। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा अलवर शहर में खेल एवं पर्यटन के सुविधाओं के विस्तार एवं कन्वेंशन सेंटर विकास के कार्य कराए जाने हेतु राज्य सरकार को अनुशंसा की गई थी, जिस पर राज्य सरकार ने योजनान्तर्गत 14 करोड़ 40 लाख रूपये की लागत से विकास कार्य कराए जाने की स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने बताया कि अलवर में पर्यटन के विस्तार हेतु योजनान्तर्गत पर्यटक स्थल लालडिग्गी में 3 करोड़ 40 लाख रूपये की लागत से आकर्षक म्यूजिकल फाउण्टेन साउण्ड शो, विद्युतीकरण कार्य, प्लास्टर एवं आकर्षक पेंटिंग कार्य, सुलभ शौचालय, पार्किंग, बैठक व्यवस्था, फूड कोर्ट, केनोपी इत्यादि कार्य कराए जाएंगे। इसी प्रकार 5 करोड़ रूपये की लागत से बुध विहार में 10 हजार वर्गमीटर भूमि में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण कराया जाएगा, जिससे बैठक, सम्मेलन, कार्यशाला, प्रदर्शनी आदि कार्यों में उपयोग हेतु आमजन को लाभ मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि शहर में खेल सुविधाओं के विस्तार हेतु 4 करोड़ रूपये की लागत राशि से हसन खां मेवाती नगर में 6200 वर्गमीटर भूमि में इण्डोर बैडमिंटन हॉल, वॉलीबॉल कोर्ट, बास्केट बॉल कोर्ट, लॉन टेनिस कोर्ट, पिकल बॉल कोर्ट, विद्युतीकरण इत्यादि कार्य कराए जाएंगे, जिससे युवा वर्ग को खेल-कूद की बेहतर सुविधाएं मिल सकेगी तथा इसके अतिरिक्त शेष राशि से अन्य विकास कार्य भी कराए जाएंगे।

## मंदिरों में चोरी व मूर्तियां तोड़े जाने की घटनाओं पर विप्र सेना ने सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** विप्र सेना युवा प्रकोष्ठ अलवर द्वारा मंदिरों में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं, मूर्तियों को तोड़े जाने तथा पुजारियों के खिलाफ झूठे आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज करवाने के विरोध में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अमित शर्मा ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से जिलाधीश को अवगत कराया गया कि जिले सहित प्रदेश के अनेक मंदिरों में लगातार चोरी की घटनाएँ हो रही हैं तथा कई स्थानों पर मंदिरों की पवित्र मूर्तियों को तोड़ने की घटनाएँ सामने आ रही हैं। यह घटनाएँ न केवल धार्मिक आस्था पर आघात हैं बल्कि समाज में असंतोष और भय का वातावरण भी उत्पन्न कर रही हैं। उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा मंदिरों के पुजारियों के खिलाफ झूठे आरोप लगाकर पुलिस थानों में झूठी रिपोर्ट दर्ज करवाई जा रही है, जिससे पुजारियों की सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुँच रही है और उन्हें मानसिक व सामाजिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में प्रशासन से मांग की गई कि मंदिरों में हो रही चोरी की घटनाओं की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। मंदिरों व धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस गश्त एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा मंदिरों की मूर्तियों को नुकसान पहुँचाने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही पुजारियों के खिलाफ झूठे आरोप लगाकर दर्ज करवाई गई शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने और जिले के सभी मंदिरों व पुजारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की गई।

विप्र सेना ने चेतावनी दी कि यदि आगामी 15 दिनों के भीतर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन सभी समाजों को साथ लेकर बड़ा जन आंदोलन करेगा।

ज्ञापन सौंपने के दौरान अलवर जिला ब्राह्मण महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आकाश मिश्रा, विप्र सेना जिला संयोजक होतीलाल शर्मा, पुजारी महासंघ के संगठन महामंत्री देवराज शर्मा, महेश शर्मा, परशुराम सेना के जिलाध्यक्ष अश्वनी जावली, अभिषेक मिश्रा, युवा प्रकोष्ठ से पावन शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, नत्थुराम शास्त्री, अनिल शर्मा, शुभम शर्मा तथा मालवीय विकास समिति अध्यक्ष प्रमुदयाल शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**नमो भारत रेल कारिडोर योजना-**

## राज्य के मुख्य सचिव और हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव की वीसी के माध्यम से हुई बैठक



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राज्य के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास एवं हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी के मध्य गुरूवार को शासन सचिवालय में वीसी के माध्यम से महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में श्री वी. श्रीनिवास ने हरियाणा के मुख्य सचिव को बताया कि राजस्थान सरकार ने रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आर.आर.टी.एस) परियोजना के प्रथम चरण के लिए संशोधित डीपीआर के अनुसार वित्तीय भार वहन करने के लिये निर्णय लिया था। इससे राजस्थान में अब 1.13 किलोमीटर पर ट्रैक विकसित होगा और राज्य की लागत राशि 103 करोड़ रूपये से बढकर 124.26 करोड़ हो गयी थी लेकिन हरियाणा सरकार द्वारा सिर्फ बाबल तक ही इस प्रोजेक्ट की लागत वहन करने के निर्णय लिये जाने से राजस्थान पर 510 करोड़ रूपये का वित्तीय भार आयेगा जबकि एमओयू के अनुसार सहभागिता वाले राज्यों को अपने हिस्से की 20 प्रतिशत लागत वहन करनी थी। राजस्थान के मुख्य सचिव ने हरियाणा के मुख्य सचिव को इस निर्णय पर पुनर्विचार करने के लिये कहा है जिस पर हरियाणा के मुख्य सचिव द्वारा शीघ्र ही निर्णय से अवगत कराने के लिये आश्वस्त किया गया। उल्लेखनीय है कि इस परियोजना से शाहजहांपुर, घीलोठ, नीमराणा, बहरोड़ जैसे औद्योगिक क्षेत्रों एवं प्रस्तावित केबीएनआईआर टाउनशिप को सीधे तौर पर दिल्ली और गुरूग्राम से उच्च गति रेल कनेक्टिविटी मिलेगी, जिससे क्षेत्र के आर्थिक विकास और आवागमन में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव, उद्योग, एवं वाणिज्य शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव वित्त, वैभव गालरिया, प्रमुख शासन नगरीय विकास देवाशीष पृष्टि, रीको की प्रबन्ध निदेशक शिवांगी स्वर्णकार, रीको के अधिशाषी निदेशक आकाश तोमर एवं रीको के वरिष्ठ अधिकारी श्री अजय गुप्ता उपस्थित रहे।

## जेडीए ने बरखेड़ा और आगरा रोड में हटाए अवैध अतिक्रमण

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से जोन-10 में आगरा रोड़ के पास जेडीए की अनुमादित योजना ग्रीनपार्क में 60 फीट रोड़ सीमा, सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-14 ग्राम बरखेडा में गैर मुमकिन सरकारी आम रास्ते की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन शिल्पा चौधरी ने बताया कि जोन-10 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित आगरा रोड़ के पास जेडीए की अनुमोदित योजना ग्रीनपार्क में 60 फीट रोड़ सीमा, सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर बाउन्ड्रीवॉल का अवैध निर्माण किए जाने पर धारा 72 जेडीए एक्ट के तहत नोटिस जारी कर किए गए अतिक्रमण को प्रवर्तन अधिकारी जोन-10 की मौजूदगी में गुरुवार को जोन- 10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ, की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते की ओर से जेसीबी मशीन मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर 60 फीट रोड़ सीमा, सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बरखेडा जिला जयपुर के खसरा न0 631 गैरमुमकिन सरकारी आम रास्ते की भूमि पर अतिक्रमण कर करीब 500 मीटर लम्बाई में सीमेंट के पिल्लर गाड, तारबन्दी कर टीन शेड लगाकर झाडियां डालकर किए गए अतिक्रमणों को प्रवर्तन अधिकारी जोन-14 की मौजूदगी में गुरुवार को जोन- 14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ, की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते की ओर से जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर गैर सरकारी आम रास्ते की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन शिल्पा चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-10, 14 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते ने सम्पादित की।

## इंटर-स्टेट ट्रांसमिशन परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के मुख्य सचिव ने दिए निर्देश

जयपुर



**जयपुर (कास)**मुख्य सचिव वी. निवास ने गुरुवार को सचिवालय में इंटर-स्टेट ट्रांसमिशन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राजस्थान देश में अक्षय ऊर्जा उत्पादन के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है और इन ट्रांसमिशन परियोजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन राज्य में उत्पादित सौर एवं पवन ऊर्जा को राष्ट्रीय ग्रिड तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सीकर, झुंझुनूं, बाड़मेर, बालोतरा, जैसलमेर तथा फलोदी जिलों में निर्माणाधीन इन ट्रांसमिशन परियोजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि राइट ऑफ वे (RoW), वन स्वीकृति, स्थानीय समन्वय सहित अन्य लंबित प्रशासनिक मामलों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि परियोजनाओं का कार्य निर्धारित समयसीमा में पूरा हो सके। बैठक में 765 केवी फतेहगढ़-III-ब्यावर (द्वितीय), 400 केवी फतेहगढ़-3-भड़ला-3, 765 केवी सीकर-खेतड़ी तथा 765 केवी सीकर-नरेला ट्रांसमिशन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े संबंधित जिलों के जिला कलेक्टरों ने बताया कि उनके-अपने जिलों में इन परियोजनाओं के अंतर्गत अधिकांश निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष कार्य प्रगति पर है। कुछ स्थानों पर राइट ऑफ वे, वन स्वीकृति तथा स्थानीय समन्वय से जुड़े मुद्दे लंबित हैं, जिनके समाधान के लिए जिला प्रशासन स्तर पर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। बैठक में ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अजिताभ शर्मा, प्रबंध निदेशक राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम (आरवीपीएन) सिद्धार्थ सिहाग, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड तथा अन्य संबंधित एजेंसियों के अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि सीकर, झुंझुनूं, बाड़मेर, बालोतरा, जैसलमेर और फलोदी जिलों के जिला कलेक्टर एवं अन्य अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े।

राज्य जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
06 मार्च, 2026

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 3 से 11 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

## तनाव मुक्ति कार्यशाला में किया गया 'लाफ्टर योगा' का अभ्यास

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय में कार्यरत महिला अधिकारियों और कर्मचारियों के योगदान का सम्मान करने और उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करने के साथ साथ स्वास्थ्य जागरूकता और सकारात्मक जीवन शैली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दिनांक 3 से 11 मार्च तक उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा। इसी क्रम में गुरूवार को तनाव मुक्ति पर कार्यशाला का आयोजन किया गया । उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार हर वर्ष 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय पर दिनांक 3 से 11 मार्च तक कार्य दिवसों पर महिला अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिनमें विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन एवं उत्कृष्ट कार्य करने के लिए महिला रेलकर्मियों को सम्मानित भी किया जायेगा। गुरूवार को आयोजित 'तनाव मुक्ति कार्यशाला' के अन्तर्गत गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड तथा लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर डॉ. हरीश रावत द्वारा लाफ्टर योगा का अभ्यास कराया गया। इस विशेष सत्र में डॉ. रावत ने उपस्थित महिला रेलकर्मचारियों को लाफ्टर योगा के माध्यम से तनाव मुक्त रहने के सरल और प्रभावी उपाय बताए। डॉ. हरीश रावत एक अंतरराष्ट्रीय लाफ्टर वेलनेस एवं स्पिरिचुअल कोच हैं, जिनकी हंसी थेरेपी से 203 देशों में 85,000 से अधिक लोग ऑनलाइन और ऑफलाइन लाभान्वित हो चुके हैं। लाफ्टर योगा सत्र के दौरान महिला रेलकर्मियों ने विभिन्न हास्य अभ्यास, श्वास तकनीक और ऊर्जा बढ़ाने वाले योग अभ्यासों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस सत्र ने उपस्थित सभी महिला रेलकर्मियों को न केवल तनाव से राहत दी बल्कि वातावरण को भी अत्यंत उत्साहपूर्ण और आनंदमय बना दिया। कार्यक्रम में प्रमुख वित्त सलाहकार गीतिका पांडे, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक सीमा शर्मा, मुख्य स्वास्थ्य निदेषक डां. लक्ष्मी मीना, वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी निष्ठा पुरी, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (कल्याण) डॉ. हिना अरोड़ा सहित मुख्यालय में कार्यरत कई महिला अधिकारी एवं महिला कर्मचारीगण उपस्थित रहीं। इस अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह का समापन एवं सम्मान समारोह दिनांक 11 मार्च को आयोजित किया जायेगा। जिसमें उत्तर पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला रेलकर्मियों को सम्मानित किया जायेगा।



## होली की मस्ती में वीडियो बनाते करंट लगने से बीएसटीसी छात्र की मौत, मुआवजे की मांग को लेकर उग्र प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में कोटा के कुल्हाड़ी थाना इलाके में धूलंडी खेलने के दौरान वीडियो बनाते समय बिजली के पोल का करंट लगने से बीएसटीसी छात्र की मौत हो गई। छात्र की मौत के बाद छात्रों और मृतक के परिजनों में गहरा आक्रोश आ गया। छात्रों ने मौके पर उग्र प्रदर्शन किया और मृतक छात्रा के परिजनों को मुआवजा, सरकारी नौकरी तथा दोषी अधिकारियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने जैसी मांगों को लेकर बड़ी संख्या में छात्र धरने पर बैठ गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और धरने पर बैठे लोगों को समझने का प्रयास किया लेकिन धरने पर बैठे लोगों का कहना है कि जब तक उनकी मांग नहीं मानी जाएगी तब तक उनका धरना जारी रहेगा। जानकारी के अनुसार मृतक धीरज मीणा है जो बीएसटीसी का छात्र है और वह अपने सहयोगी छात्रों के साथ धूलंडी खेल रहा था होली की मस्ती में छात्र बड़ी संख्या में मौके पर नृत्य कर रहे थे। डीजे की धुन पर नृत्य करने के दौरान धीरज मीणा अपने मोबाइल से वीडियो बनाने लगा वीडियो बनाने के दौरान ही हॉस्टल के सामने स्थित बिजली के पोल से वह टकरा गया जिसकी वजह से उसे करंट लग गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई प्रदर्शनकारी छात्रों का कहना है कि इस मामले में हॉस्टल प्रशासन के अलावा बिजली विभाग के अधिकारी भी दोषी हैं क्योंकि बिजली के खंभे में करंट दौड़ रहा था लेकिन संबंधित अधिकारियों ने खंबे की सुध नहीं ली जिसकी वजह से यह बड़ा दर्दनाक हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार इस पूरे मामले को लेकर मीणा समाज के लोग भी अब लामबंद होने लगे हैं इसलिए यह मामला पुलिस और जिला प्रशासन के लिए बड़ी उलझन बना हुआ है मौके पर प्रदर्शन करने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है इसलिए लोगों के गुस्से को देखते हुए पुलिस ने मौके पर अतिरिक्त सुरक्षा बल बुलवाया है ।

## यात्रियों की सुविधा हेतु यशवंतपुर-बीकानेर- यशवंतपुर एक्सप्रेस साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा होली पर्व के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियो की सुविधाहेतुयशवंतपुर-बीकानेर-यशवंतपुर एक्सप्रेस साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 06543, यशवंतपुर-बीकानेर एक्सप्रेस साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 11.03.26 से 25.3.26 तक (3 ट्रिप) यशवंतपुर से प्रत्येक बुधवार को 7.00 बजे रवाना होकर शुक्रवार को जयपुर स्टेशन पर 6.45 बजे आगमन व 6.55 बजे प्रस्थान कर 15.00 बजे बीकानेर पहुॅचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 06544, बीकानेर-यशवंतपुर एक्सप्रेस साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 14.3.26 से 28.3.26 तक (3 ट्रिप) बीकानेर से प्रत्येक शनिवार को 1.00 बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर 8.40 बजे आगमन व 8.50 बजे प्रस्थान कर सोमवार को 4.00 बजे यशवंतपुर पहुॅचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में तुमकूर, अरसीकेरे, बिरूर, दावणगेरे, हरिहर, हावेरि, हुब्बल्लि, धारवाड, बेलगावि, घटप्रभा, मिरज, सांगली, किर्लोस्करवाडी, कराड, सातारा, पुणे, लोनावला, कल्याण, भिवंडी रोड, वसई रोड, वापी, वलसाड, सूरत, वडोदरा, गोधरा, दाहोद, बामनिया, रतलाम, नागदा, भवानी मंडी, कोटा, सवाईमाधोपुर, दुर्गापुरा, जयपुर, रींगस, सीकर, चूरू, रतनगढ व श्रीडूंगरगढ स्टेशनों पर ठहराव करेगी।इस रेलसेवा में 2 सैकण्ड एसी, 3 थर्ड एसी, 11 द्वितीय शयनयान, 5 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बो सहित 23 डिब्बे होगे।

## सरसों के खेत में कागज के पैकेट में मिला नवजात बच्चा, अस्पताल में एडमिट

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के करौली जिले के हिंडौन सिटी में सरसों के खेत में कागज के पैकेट में लिपटा हुआ एक नवजात बच्चा लावारिस अवस्था में रोता हुआ मिला । सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने नवजात बच्चे को तुरंत अस्पताल में एडमिट करवाया है और नवजात बच्चे के माता-पिता की तलाश की जा रही है चिकित्सकों के अनुसार नवजात बच्चे का जन्म करीब 12 से 13 घंटे पहले होना सामने आया है पुलिस अब इलाके में स्थित सरकारी और निजी अस्पतालों में आवश्यक पूछताछ करके बच्चे के माता-पिता तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है। जानकारी के अनुसार कृषक जय कृष्णा मीणा गुरुवार की सुबह जब अपने खेत पर पहुंचा तो सरसों के खेत से बच्चों के रोने की आवाज सुनकर वह मौके पर गया तो कागज के पैकेट में नवजात बच्चा लिपटा हुआ मिला बच्चा रो रहा था और बच्चे की सर पर तथा हाथ पर हल्की चोट के निशान भी थे किसान जय कृष्ण ने तुरंत आसपास के लोगों को बच्चों के बारे में जानकारी दी इसके बाद पुलिस को भी सूचित किया गया पुलिस का मानना है कि नवजात बच्चा हो सकता है किसी के अवैध संबंधों का परिणाम हो कोई सामाजिक बुराई और लोक लज्जा की वजह से बच्चों को यहां लावारिस अवस्था में छोड़कर गया है । पुलिस को संदेह है कि बच्चों की डिलीवरी निजी अस्पताल में शायद हुई है इसलिए इलाके के नर्सिंग होम और निजी अस्पतालों के प्रशासन से नवजात बच्चे के बारे में आवश्यक पूछताछ की जा रही है नवजात बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ है लेकिन उसके सर और हाथ पर हल्के चोट के निशान हैं यह निशान शायद कागज का पैकेट फेंकने के दौरान आ गए होंगे। फिलहाल चिकित्सकों की निगरानी में बच्चे का उपचार हो रहा है तो दूसरी तरफ पुलिस नवजात बच्चे के माता-पिता को चिन्हित करने के प्रयास में सघन जांच पड़ताल शुरू किए हुए हैं ।

## 12 मिनट तक विमान में सवार 147 लोगों की सांस अटकी रही, पायलट की सूझबूझ से जयपुर एयरपोर्ट पर विमान की सफल लैंडिंग

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर के सांगानेर एयरपोर्ट पर इंडियन एयरलाइंस के विमान में सवार 147 लोगों की सांस करीब 12 मिनट तक अटकी रही। विमान में सवार यात्रियों की दिल की धड़कनें तेज होती रही और उनके चेहरे पर चिंता की लकीर छा गई लेकिन विमान के पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए दूसरे प्रयास में जयपुर एयरपोर्ट पर विमान की सफल लैंडिंग करवा दी तब जाकर यात्रियों ने राहत की सांस ली । जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह मुंबई से जयपुर आने वाली इंडियन एयरलाइंस के विमान की जयपुर एयरपोर्ट पर 9:20 पर लैंडिंग होनी थी लेकिन तकनीकी खराबी की वजह से विमान की लैंडिंग नहीं हो पाई। इसके बाद विमान के पायलट ने रनवे टच करके वापस विमान को टेकओवर किया विमान करीब 12 मिनट तक आसमान में रहा तब तक यात्रियों के चेहरों पर मायूसी छा गई। लेकिन पायलट ने अपने दूसरे प्रयास में 9:32 पर विमान की सफलतापूर्वक जयपुर एयरपोर्ट पर लैंडिंग करवाई तब जाकर यात्रियों ने राहत के साथ ली ।जानकारी के अनुसार मुंबई से जयपुर आने वाली इस फ्लाइट में 147 लोग सवार थे लेकिन जयपुर एयरपोर्ट पर आने के बाद तकनीकी कमी की वजह से जब विमान जयपुर एयरपोर्ट पर लैंडिंग नहीं हुई और विमान को वापस जयपुर एयरपोर्ट से टेकओवर किया गया तो यात्री घबरा गए विमान करीब 12 मिनट तक आसमान में चक्कर लगाता रहा इस दौरान विमान में सवारी यात्री विमान के सफलतापूर्वक जयपुर एयरपोर्ट पर लैंडिंग किए जाने की प्रार्थना ईश्वर से करते रहे पायलट भी लगातार विमान के लैंडिंग के प्रयास में जुटा रहा अंततः 12 मिनट के बाद विमान की सफलतापूर्वक लैंडिंग हुई जानकारी के अनुसार तकनीकी खामी की वजह से विमान एयरपोर्ट पर लैंडिंग नहीं कर पा रहा था अब इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की जा रही है

## टाइगर 'मलंग' को अचानक रोड पर देख कार सवार लोग घबरा गए, करीब 25 मिनट तक इधर-उधर घूमता रहा मलंग

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** विश्व विख्यात रणथंभौर अभयारण्य में त्रिनेत्र गणेश मंदिर रोड पर बुधवार की शाम टाइगर मलंग अचानक रोड पर आ गया करीब 25 मिनट तक मलंग इधर-उधर घूमता रहा। इस दौरान मलंग रोड के किनारे खड़ी कार के बिल्कुल नजदीक आ गया जिसकी वजह से कार में सवार लोग घबरा गए हालांकि सुरक्षा के लिहाज से कार सवार लोगों ने कार के शीशे पूरी तरह से बंद करके पैक कर दिए थे लेकिन इसके बावजूद भी कार में सवार लोग बुरी तरह से घबरा गए। इस दौरान जैसे ही वन्य अभ्यारण से जुड़े लोगों को मलंग के लोकेशन के बारे में जानकारी मिली वह तुरंत मौके पर पहुंचे और मलंग की गतिविधियों पर मॉनिटरिंग शुरू की इस दौरान करीब 25 मिनट तक मलंग रोड पर इधर से उधर मस्ती से घूमता रहा और फिर बाद में वापस जंगल में चला गया तब जाकर कार में सवार लोगोंने राहत की सांस ली ।यह कोई पहली बार नहीं है जब त्रिनेत्र गणेश मंदिर रोड पर टाइगर का मूवमेंट देखने को मिला हो इससे पहले भी त्रिनेत्र गणेश मंदिर रोड पर कई बार टाइगर का मूवमेंट देखने को मिला है इसलिए कई बार इस मंदिर मार्ग को सुरक्षा के लिहाज से बंद भी कर दिया जाता है बुधवार को जब मलंग रोड पर आया तो वह इधर-उधर मस्ती से घूमता रहा उसने किसी को भी नुकसान नहीं पहुंचाया लेकिन जब तक वह रोड पर घूमता रहा तब तक कार में बैठे लोगों के चेहरे पर चिंता की लकीर छाई रही ।

## दुबई में फंसे 120 श्रद्धालु और दो संत जोधपुर पहुंचे, श्रद्धालुओं के परिजनों ने राहत की सांस ली

### बीकानेर के 6 लोग भी सकुशल घर लौटे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** अमेरिका इजरायल और ईरान युद्ध में 28 फरवरी से दुबई में फंसे जोधपुर के 120 श्रद्धालु और दो संत बुधवार की देर रात दुबई से जोधपुर लौट आए हैं जोधपुर लौटने पर श्रद्धालुओं के परिजनों ने राहत की सांस ली है और श्रद्धालुओं के सुरक्षित लौटने पर ईश्वर को नमन किया है। जानकारी के अनुसार जोधपुर के 120 श्रद्धालु दुबई में कथा सुनने के लिए गए थे इन 120 श्रद्धालुओं के अलावा संत अमृत राम महाराज और मनोहर दास जी महाराज भी दुबई कथा सुनने के लिए गए थे। यह कथा का कार्यक्रम दुबई की एक होटल में 24 फरवरी से 28 फरवरी तक आयोजित हुआ 28 फरवरी को कथा के समापन के बाद यह सभी 120 श्रद्धालु और दोनों संत वापस जयपुर आने के लिए जब दुबई एयरपोर्ट पहुंचे तो वहां पर युद्ध की वजह से उन्हें वापस होटल भेज दिया गया तब से लेकर यह सभी श्रद्धालु दुबई में अटके हुए थे। इनको वापस भारत लौटने के प्रयास लगातार जारी थे जिसमें सफलता भी मिली बुधवार की रात यह सभी श्रद्धालु से कुशल राजस्थान लौट आए इसी तरह से बीकानेर के छह युवक भी अलग-अलग शहरों से होते हुए खाड़ी देशों से बीकानेर आए हैं जानकारी के अनुसार बीकानेर के छह युवक युद्ध में खाड़ी देशों में फंसे हुए थे इन्होंने वहां पहले मस्कट के लिए उड़ान भरी इसके बाद मस्कट से गोवा और फिर गोवा से मुंबई होते हुए बीकानेर पहुंचे हैं उल्लेखनीय है कि अमेरिका इजरायल और ईरान युद्ध में बड़ी संख्या में भारतीय खाड़ी देशों के अलग-अलग देश में फंसे हुए हैं खाड़ी देशों में राजस्थान के भी हजारों की संख्या में लोग रोजी-रोटी के लिए गए हुए हैं लेकिन इस भीषण लड़ाई की वजह से राजस्थान में रह रहे उनके परिजनों के चेहरों पर चिंता की लकीर छाई हुई है परिजन चाहते हैं कि जब तक यह लड़ाई चल रही है तब तक उनके लाडले वापस अपने घर लौट आए इसलिए भारत सरकार भी खाड़ी देशों में फंसे भारतीयों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए प्रयास कर रही है जिसमें विशेष फ्लाइट के माध्यम से खाड़ी देशों में फंसे लोगों को भारत लाया भी जा रहा है लेकिन हजारों की संख्या में लोग खाड़ी देशों के विभिन्न जगह पर फंसे हुए हैं इनमें नागौर के एक युवक की मौत भी हो गई है इसलिए नागौर के युवक की मौत के बाद परिजन खाड़ी देशों में फंसे अपनों के लिए काफी चिंतित नजर आ रहे हैं ।

## जज की पत्नी का शव ट्रेन के टॉयलेट में पड़ा मिला, पति पत्नी अलग-अलग कोच में सवार थे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के चित्तौड़गढ़ जिले के निंबेडा के एडीजे राजकुमार की पत्नी का शव ट्रेन के टॉयलेट में पड़ा हुआ मिला है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है । प्रथम दृश्य माना जा रहा है की ट्रेन के टॉयलेट में अचानक साइलेंट अटैक आने की वजह से जज की पत्नी की मौत हुई है पुलिस बॉडी का पोस्टमार्टम करवा रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के कारण ठीक तरह से सामने आ पाएंगे। फिलहाल साइलेंट अटैक ही मौत का कारण बताया जा रहा है जानकारी के अनुसार निंबेडा एडीजे राजकुमार अपनी पत्नी के साथ जोधपुर की भगत की कोठी रेलवे स्टेशन से ट्रेन के अलग-अलग कोच में चित्तौड़गढ़ आने के लिए सवार हुए थे । चित्तौड़गढ़ आने के बाद राजकुमार तो ट्रेन से नीचे उतर गए लेकिन उनकी पत्नी जब ट्रेन से नहीं उतरी तो उन्हें चिंता हुई तब तक ट्रेन आगे के लिए रवाना हो चुकी थी । राजकुमार ने तुरंत रेलवे पुलिस के आलाधिकारियों को इस मामले में जानकारी दी जिसमें राजकुमार की पत्नी के मोबाइल फोन की लोकेशन ट्रेन के आसपास ही आ रही थी इसके बाद पुलिस ने ट्रेन के कोच के टॉयलेट के दरवाजे को खोलने की कोशिश की लेकिन दरवाजा नहीं खुला तब तक रतलाम स्टेशन आ चुका था पुलिस ने टॉयलेट के दरवाजे को तोड़ दिया जिसमें राजकुमार की पत्नी मृत अवस्था में टॉयलेट में पड़ी हुई मिली ।

## फिर जयपुर में नकली मावा बरामद, चिकित्सा विभाग की गाड़ी को देखकर मावे का बॉक्स छोड़कर भाग गए लोग

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर के जवाहर नगर इलाके में चिकित्सा विभाग की टीम ने करीब 250 किलो नकली मावा बरामद किया है जानकारी के अनुसार बरामद किया गया नकली मावा अलवर से आया था। चिकित्सा विभाग की गाड़ी को अपनी तरफ आता देखकर नकली मावा से भारी बॉक्स को छोड़कर आरोपी लोग मौके से भाग गए जिनकी पुलिस और चिकित्सा विभाग की टीम तलाश कर रही है उल्लेखनीय है कि बुधवार को भी जवाहर नगर थाना पुलिस ने मेवात इलाके से आए 250 किलो नकली पनीर को बरामद किया था गुरुवार को भी चिकित्सा विभाग की टीम और पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए 250 किलो नकली मावा बरामद किया पुलिस ने बरामद किए गए नकली मावे को नष्ट कर दिया है तथा जांच के लिए सैंपल लिए गए हैं जिन्हें लैबोरेट्री भेजा गया है पुलिस अब इस मामले में वह कैसे फरार हुए लोगों को चिन्हित करने का प्रयास कर रही है बरामद किया गया नकली मावा अलवर में किसके यहां से आया था इसके बारे में भी जांच पड़ताल की जा रही है उल्लेखनीय है कि यह कोई पहला मामला नहीं है जब राजधानी जयपुर में नकली मावा और नकली पनीर इत्यादि खाद्य सामग्री बरामद की गई हो दिवाली पर्व से पहले भी राजधानी जयपुर में कई जगहों पर नकली मावा पनीर इत्यादि खाद्य पदार्थ बरामद किए गए थे जयपुर ही नहीं बल्कि प्रदेश भर में पुलिस जिला प्रशासन चिकित्सा विभाग और रसद विभाग की ओर से संयुक्त कार्रवाई को अंजाम देते हुए भारी मात्रा में नकली घी पनीर मावा इत्यादि खाद्य सामग्री बरामद की हालांकि नकली खाद्य पदार्थ बनाने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नियमित रूप से जारी है लेकिन जिस तरह से आए दिन नकली खाद्य पदार्थ बरामद किए जा रहे हैं उससे यह तो साफ है कि नकली खाद्य पदार्थ बनाने वाले लोगों के हौसले बुलंद हैं ।

## सरकारी भवनों की शिलापट्टिकाओं पर जन प्रतिनिधियों का ही नाम लिखे जाने का नियम- गजेन्द्र सिंह

जयपुर टाइम्स



जयपुर (कासं)चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह ने गुरूवार को विधानसभा में कहा कि केकड़ी जिला अस्पताल में मातृ एवं शिशु चिकित्सा इकाई का कार्य लगभग पूरा हो गया है तथा उद्घाटन के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि पूर्व में इस इकाई के भवन निर्माण का काम पूरा हुए बिना ही उद्घाटन किये जाने तथा शिलापट्टिका पर नियमविरुद्ध नाम लिखे जाने की जांच कराई जाएगी। साथ ही प्रदेश में अन्य चिकित्सा संस्थानों के भवनों पर भी नियम विरुद्ध लिखे गए शिलालेखों को हटाया जाएगा। सिंह प्रश्नकाल के दौरान विधायक शत्रुघन गौतम द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि नियमानुसार सरकारी भवनों की शिलापट्टिकाओं पर सांसद से लेकर सरपंच तक चुने हुए जन प्रतिनिधियों का ही नाम होना चाहिये। उन्होंने कहा कि भविष्य में इसका उल्लंघन होने पर जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा 30 सितम्बर 2023 को आचार संहिता लगने से मात्र तीन दिन पहले आनन फानन में केकड़ी जिला अस्पताल की मातृ एवं शिशु चिकित्सा इकाई के अधूरे बने भवन का उद्घाटन कर दिया गया। साथ ही नाम पट्टिका पर भी चुने हुए जनप्रतिनिधियों के अतिरिक्त अन्य नाम अंकित कर दिये गए। चिकित्सा मंत्री ने बताया कि उद्घाटन के लिए विभाग द्वारा अनुमति भी नहीं ली गई थी। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने इस संबंध में व्यवस्था देते हुए कहा कि सभी सरकारी भवनों के उद्घाटन के समय शिलालेखों पर चुने हुए जनप्रतिनिधियों का नाम ही लिखा जाना चाहिये, चाहे वह किसी भी पार्टी से संबंधित हों। इससे पहले सदस्य गौतम के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में उन्होंने बताया कि केकडी जिला अस्पताल में 100 बैडेड मातृ एवं शिशु चिकित्सा इकाई के भवन निर्माण के लिए 3396.81 लाख रूपये की स्वीकृति एनएचएम पीआईपी 2021-22 मद में जारी की गई। उन्होंने कहा कि इस स्वीकृति के क्रम में भवन निर्माण कार्य हेतु निविदा संख्या-02/21-22 दिनांक 17 अगस्त 2021 को जारी की गई। उन्होंने इसकी प्रति एवं कार्यादेश की प्रति सदन के पटल पर रखी। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल केकडी में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य इकाई के भवन निर्माण का कार्य पूर्ण करने के उपरान्त हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।उन्होंने कहा कि उक्त चिकित्सा संस्थान का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से इसका औपचारिक उद्घाटन नहीं किया गया। इस कार्य का उद्घाटन किसी विभागीय स?वीकृति एवं प्रक्रिया द्वारा नहीं किये जाने के कारण किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही किया जाना विचाराधीन नहीं है।

## जल वितरण समिति लेती है निर्णय बांध से 16 गांवों में सिंचाई के लिए मिलता है जल- जल संसाधन मंत्री

जयपुर टाइम्स



जयपुर(कासं)जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने गुरूवार को विधानसभा में कहा कि जालोर के जसवंतपुरा क्षेत्र में बाण्डी नदी पर निर्मित बाण्डी सणधरा बांध की कुल भराव क्षमता 1085 एमसीएफटी तथा सीसीए 6922 हैक्टेयर है। बांध से भीनमाल एवं जसवंतपुरा तहसील में 16 गांवों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाता है। जल संसाधन मंत्री ने कहा कि बाण्डी सणधरा बांध के पूर्ण क्षमता तक भरने के बाद अधिशेष पानी स्वतः ही ओवरफ्लो होकर डाउनस्ट्रीम में नदी में ही प्रवाहित होता है। इससे नदी क्षेत्र के आसपास स्थिति कुओं का जल स्तर बढ़ाने में भी सहायता मिलती है। शून्यकाल में सदस्य समरजीत सिंह के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर रावत ने कहा कि बांध से पानी के उपयोग के लिए मानसून बाद जल वितरण समिति बैठक कर निर्णय लेती है। वर्ष 2022 व 2023 की जल वितरण बैठकों में लिए गए निर्णयानुसार 33 प्रतिशत बांध का पानी नदी में प्रवाहित किया गया था। वर्तमान में नहरों के जीर्णोद्धार कार्य प्रगतिरत हैं। उन्होंने कहा कि बांध की भराव क्षमता का उपयोग कमांड क्षेत्र में सिंचाई के लिए निर्धारित होने से बांध में गेट का निर्माण कर नदी में छोड़ा जाना विचारधीन नहीं है। बांध निर्माण की ड्रॉइंग में गेट का प्रावधान भी नहीं रखा गया था। सदस्य द्वारा बांध का पानी सिंचाई के लिए उपयोग नहीं होने के विषय पर जल संसाधन मंत्री ने कहा कि एक जांच कमेटी गठित कर मामले का परीक्षण कराया जाएगा। उन्होंने सदन में आश्वस्त किया कि यदि गांवों में सिंचाई के लिए पानी नहीं दिया जा रहा और सूचना गलत प्रस्तुत की जा रही है तो सम्बंधित कार्मिकों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। रावत ने मानसून समाप्ति के बाद बांध में उपलब्ध पानी की मात्रा की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2007 में 372 एमसीएफटी, 2008 में 353 एमसीएफटी, 2010 में 570 एमसीएफटी, 2011 में 626 एमसीएफटी, 2015 में 884 एमसीएफटी (ओवरफ्लो), 2017 में 916 एमसीएफटी (ओवरफ्लो) और वर्ष 2023 में 889

## सम्पादकीय

### युद्ध के बिगड़ते स्वरूप के बीच भारतीयों को वापस लाना चिंता का विषय



ईरान पर इजरायल और अमेरिका के साझा हमले के बाद युद्ध का स्वरूप बिगड़ता जा रहा है और कहना मुश्किल है कि आने वाले दिनों में यह कौन-सी दिशा अख्तियार करेगा। खासतौर पर हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद ईरान की ओर से जिस तरह की प्रतिक्रिया सामने आ रही है, उसमें मध्य-पूर्व के देशों में भी स्थिति चिंताजनक हो रही है। इस बीच भारत के लिए एक बड़ी फिक्र यह खड़ी हुई है कि अलग-अलग उद्देश्य से मध्य-पूर्व के देशों में गए जो भारतीय फंस गए हैं, उन्हें वहां से सुरक्षित कैसे निकाला जाए। अमेरिका और इजरायल के साझा हमले के जवाब में ईरान ने इजरायल को निशाना बनाने के साथ-साथ बहरीन, सऊदी अरब, कतर समेत कई देशों में स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डों पर मिसाइल से हमले किए हैं। ऐसे में समझा जा सकता है कि वहां रहने वाले लोगों के सामने किस तरह की मुश्किलें खड़ी हो रही होंगी। स्वाभावकि ही भारत के सामने बड़ी चिंता उन इलाकों में फंसे भारतीयों को वापस लाने की है। दरअसल, समूचे पश्चिम एशिया का इलाका इस समय युद्ध क्षेत्र में तब्दील हो गया लग रहा है। स्वाभाविक ही वहां रह रहे तमाम आम लोगों के सामने खुद को सुरक्षित रखना एक बड़ी चुनौती है। दूसरी ओर, जो लोग दूसरे देशों से वहां गए हैं, वे किसी तरह वहां से निकलने की उम्मीद में हैं। ऐसे में भारत सरकार ने युद्ध प्रभावित देशों से भारतीयों को सुरक्षित निकालने के लिए कोशिश शुरू की है, लेकिन ठोस नतीजे के लिए समय रहते कदम उठाना जरूरी है। सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) ने पश्चिम एशिया में तेजी से बदलते हालात की समीक्षा की और सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि वे घटनाक्रम से प्रभावित भारतीयों की सहायता के लिए जरूरी और व्यावहारिक कदम उठाएं। सरकार की ओर से आश्वस्त किया गया है कि युद्ध के असर से जूझ रहे देशों में भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संबंधित भारतीय दूतावासों से बातचीत की गई है। भारत ने शांति और सुरक्षा के साथ-साथ विवादों के समाधान के लिए संवाद तथा कूटनीति का समर्थन किया है, लेकिन फिलहाल ज्यादा जरूरत इस बात की है कि युद्धग्रस्त इलाकों में फंसे लोगों की सुरक्षित वापसी की प्रक्रिया शुरू की जाए। गौरतलब है कि ईरान में करीब दस हजार भारतीय नागरिक रहते हैं, जो पढ़ाई और काम करते हैं। वहीं इजरायल में चालीस हजार से ज्यादा भारतीय रहते हैं। इसके अलावा, खाड़ी देशों और पश्चिम एशिया में लगभग नब्बे लाख भारतीय रहते हैं। इन देशों में सैन्य तनाव बढ़ने और युद्ध का दायरा फैलने की वजह से उड़ान सेवाएं व्यापक पैमाने पर बाधित हुई हैं और बहुत सारे वैसे भारतीय उन जगहों के हवाईअड्डों पर फंसे हुए हैं, जो किसी तरह वतन लौटना चाहते हैं। हालांकि इससे पहले कई बार अलग-अलग देशों में भड़के युद्ध के दौरान भारत ने अपने हजारों नागरिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की है। मगर इस बार सबसे बड़ी मुश्किल यह है कि युद्ध में शामिल देशों के बीच हमले अपनी पूरी तीव्रता के साथ जारी हैं और आम लोगों के लिए हवाई क्षेत्र बंद है। जब तक हमलों में कमी नहीं आएगी



## कहानी

### श्री विष्णु का हयग्रीव अवतार

प्राचीन समय की बात है । हयग्रीव नाम का एक महापराक्रमी दैत्य था । उसका सिर घोडे के समान था । उसने सरस्वती नदी के तट पर जाकर भगवती महामाया को प्रसन्न करने के लिएकठोर तपस्या की । वह बहुत दिनों तक बिना कुछ खाए भगवती के एकाक्षर बीजमंत्र का जाप करता रहा । उसकी इंद्रियां उसके वश में हो चुकी थीं । सभी भोगों का उसने त्याग कर दिया था । उसकी कठिन तपस्या से प्रसन्न होकर भगवती ने उसे दर्शन दिया । भगवती महामाया ने उससे कहा, "वत्स ! तुम्हारी तपस्या सफल हुई । मैं तुम पर परम प्रसन्न हूं । तुम्हारी जो भी इच्छा हो मैं उसे पूर्ण करने के लिए तैयार हूं । वर मांगो।" भगवती की दया और प्रेम से भरी वाणी सुनकर हयग्रीव को बहुत आनंद हुआ । उसकी आंखे आनंदाश्रुओं से भर गई । उसने भगवती की स्तुति करते हुए कहा, "हे कल्याणमयी देवी ! आपको नमस्कार है । आप महामाया हैं । आपकी कृपा से कुछ भी असंभव नहीं है । यदि आप मुझ पर प्रसन्न हैं तो मुझे अमर होने का वरदान देने की कृपा करें ।" देवी ने कहा, "दैत्य राज ! संसार में जिसका जन्म होता है, उसकी मृत्यु निश्चित है । प्रकृति के इस विधान को कोई बदल नहीं सकता । मैं तुम्हें अमर होने का वरदान नहीं दे सकती ।इसलिए तुम अमरत्व के अतिरिक्त कोई और वर मांगो ।" हयग्रीव बोला, "ठीक है देवी ! तो मुझे यह वरदान दें कि मेरी मृत्यु केवल हयग्रीव के हाथों ही हो । अन्य कोई मुझे न मार सके । मेरे मन की यह अभिलाषा आप पूर्ण करने की कृपा करें ।" बच्चों हयग्रीव अर्थात जिसका सिर घोडे का हो, उसीके हाथों मृत्यु होने का वरदान हयग्रीव ने मांगा । हयग्रीव जानता था कि वह स्वयं तो स्वयं को मारेगा नहीं और उसके समान घोडे का सिर किसी का नहीं होगा । इस प्रकार वह स्वयं को अमर मानने लगा । 'तथास्तु!' कहकर भगवती अंतर्धान हो गई । हयग्रीव असीम आनंद का अनुभव करते हुए अपने घर लौट गया । वह देवी के वर के प्रभाव से अजेय हो गया । अब उसका अहंकार जाग उठा था । त्रिलोक में कोई भी ऐसा नहीं था, जो उस दुष्ट को मार सके । उसने ब्रह्मा जी से वेदों को छीन लिया और देवताओं तथा ऋषि-मुनियों को सताने लगा । यज्ञ आदि धर्मकर्म बंद हो गए और सृष्टि की व्यवस्था बिगडने लगी । ब्रह्मादि देवता इस संकट से मुक्ति पाने के लिए भगवान विष्णु के पास पहुंचे; किन्तु भगवान श्री विष्णुजी योगनिद्रा में थे । उनके धनुष की डोरी चढी हुई थी । ब्रह्मा जी ने उनको जगाने के लिए वम्री नामक एक कीडा उत्पन्न किया । ब्रह्मा जी की प्रेरणा से उस कीडेने धनुष की प्रत्यंचा अर्थात डोरी काट दी । उस समय वह धनुष गिरने से योगनिद्रा में लीन भगवान विष्णु का मस्तक कटकर अदृश्य हो गया । सिर रहित भगवान के धड को देखकर देवताओं के दुख की सीमा न रही । सभीने इस विचित्र घटना को देखकर भगवती की स्तुति की । देवताओं की व्याकुल याचना सुन भगवती प्रकट हुई । उन्होंने कहा, "आप चिंता मत करो । ब्रह्माजी आप एक घोडे का मस्तक काटकर तुरन्त भगवान के धड से जोड दें । इससे भगवान श्री विष्णु का हयग्रीव अवतार होगा । वे उसी रूप में दुष्ट हयग्रीव दैत्य का वध करेंगे ।" भगवती की आज्ञा के अनुसार उसी क्षण ब्रह्माजी ने एक घोडे का मस्तक काटकर भगवान के धड से जोड दिया । भगवती के कृपा प्रसाद से उसी क्षण भगवान विष्णु का हयग्रीवावतार हो गया । उसके बाद भगवान का हयग्रीव दैत्य से भयानक युद्ध हुआ

# तेल, तनाव और विकास दरः 'युद्ध-भय' का भारतीय परिदृश्य



प्रो. आरके जैन
'अरिजीत

भारत के लगभग 17 प्रतिशत निर्यात उसी क्षेत्र की ओर जाते हैं और एक करोड़ से अधिक प्रवासी वहाँ से रेमिटेंस भेजते हैं। यदि तनाव लंबा चला, तो तेल 100 डॉलर के पार निकल सकता है, जिससे चालू खाते का घाटा फैलेगा और विकास की गति पर दबाव बढ़ेगा। लॉजिस्टिक्स लागत में उछाल और बीमा प्रीमियम में वृद्धि व्यापारिक मार्जिन को निगल जाती है। वित्तीय बाजारों में जोखिम-प्रतिकूलता बढ़ती है और पूंजी उभरते बाजारों से सुरक्षित ठिकानों की ओर सिमटती है। इस पूरी प्रक्रिया में भारत की 'स्वीट स्पॉट' अर्थव्यवस्था–जहाँ महंगाई काबू में और विकास संतुलित था–अचानक असंतुलन की तरफ झुक जाती है। युद्ध भले सीमाओं से दूर हो, पर ऊर्जा मार्गों और पूंजी प्रवाह के जरिये वह हमारे बजट और जेब पर दस्तक दे देता है। ऊर्जा क्षेत्र इस सिंड्रोम की सबसे नाजुक नस है। भारत अपनी कच्चे तेल की आवश्यकता का लगभग 88 प्रतिशत आयात करता है और उसका बड़ा हिस्सा होर्मुज मार्ग से गुजरता है। रणनीतिक भंडार सीमित समय तक ही सहारा दे सकते हैं; लंबा व्यवधान उद्योग, परिवहन और कृषि की लागत बढ़ा देगा। ईंधन महँगा होता है तो ट्रकों का भाड़ा बढ़ता है, कारखानों की लागत चढ़ती है



भारत का 'युद्ध-भय' सिंड्रोम अब किसी मनोवैज्ञानिक शब्दकोश की परिभाषा भर नहीं, बल्कि 21वीं सदी के भारत की आर्थिक नब्ज बन चुका है। जैसे ही पश्चिम एशिया में बारूद सुलगता है, मुंबई के दलाल स्ट्रीट पर घबराहट छा जाती है। मार्च 2026 में ईरान-अमेरिका-इजराइल संघर्ष ने इस आशंका को चरम तक पहुँचा दिया, जब ब्रेंट क्रूड 82 डॉलर के ऊपर निकल गया और होर्मुज स्ट्रेट पर जहाज़ों की लंबी कतारें दिखने लगीं। वैश्विक एजेंसियों की रिपोर्टों के मुताबिक 4.5 ट्रिलियन डॉलर की भारतीय अर्थव्यवस्था, जो हाल तक नियंत्रित महंगाई और तेज़ वृद्धि का उदाहरण मानी जा रही थी, अचानक बाहरी झटकों से डगमगाने लगी। यह महज आर्थिक उतार-चढ़ाव नहीं; यह सामूहिक मानस का संकट है–निवेशक जोखिम समेटते हैं, रुपया दबाव झेलता है और आम उपभोक्ता को पेट्रोल पंप पर मिलता बिल आने वाले कल की चिंता जता देता है। वैश्वीकरण की चमक के पीछे छिपी यह असुरक्षा हर बार सामने आ जाती है। इस 'युद्ध-भय' की जड़ें नई नहीं हैं। 1991 का खाड़ी संकट, जब इराक ने कुवैत पर चढ़ाई की, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार को लगभग खाली कर गया और आर्थिक उदारीकरण का द्वार मजबूरी में खुला। 1973 के योम किप्पुर युद्ध ने तेल को हथियार बना दिया था और तब भी भारत ने आयात-निर्भरता की भारी कीमत चुकाई। 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान कच्चा तेल 120 डॉलर तक जा पहुँचा, महंगाई 7 प्रतिशत से ऊपर निकली और मौद्रिक सख्ती बढ़ानी पड़ी। हर बार पैटर्न एक-सा रहा–कहीं दूर युद्ध, और यहाँ विकास दर पर प्रहार। इतिहास लगातार चेताता रहा कि ऊर्जा, उर्वरक और आपूर्ति श्रृंखलाओं में अत्यधिक बाहरी निर्भरता हमें असुरक्षित करती है, फिर भी संकट टलते ही हम सामान्यता के भ्रम में लौट आते हैं। यही चूक 'युद्ध-भय' को स्थायी मनःस्थिति में बदल देती है। 2026 का पश्चिम एशियाई संघर्ष इसी पैटर्न का समकालीन रूप है। भारत के लगभग 17 प्रतिशत निर्यात उसी क्षेत्र की ओर जाते हैं और एक करोड़ से अधिक प्रवासी वहाँ से रेमिटेंस भेजते हैं। यदि तनाव लंबा चला, तो तेल 100 डॉलर के पार निकल सकता है, जिससे चालू खाते का घाटा फैलेगा और विकास की गति पर दबाव बढ़ेगा। लॉजिस्टिक्स लागत में उछाल और बीमा प्रीमियम में वृद्धि व्यापारिक मार्जिन को निगल जाती है। वित्तीय बाजारों में जोखिम-प्रतिकूलता बढ़ती है और पूंजी उभरते बाजारों से सुरक्षित ठिकानों की ओर सिमटती है। इस पूरी प्रक्रिया में भारत की 'स्वीट स्पॉट' अर्थव्यवस्था–जहाँ महंगाई काबू में और विकास संतुलित था–अचानक असंतुलन की तरफ झुक जाती है। युद्ध भले सीमाओं से दूर हो, पर ऊर्जा मार्गों और पूंजी प्रवाह के जरिये वह हमारे बजट और जेब पर दस्तक दे देता है। ऊर्जा क्षेत्र इस सिंड्रोम की सबसे नाजुक नस है। भारत अपनी कच्चे तेल की आवश्यकता का लगभग 88 प्रतिशत आयात करता है और उसका बड़ा हिस्सा होर्मुज मार्ग से गुजरता है। रणनीतिक भंडार सीमित समय तक ही सहारा दे सकते हैं; लंबा व्यवधान उद्योग, परिवहन और कृषि की लागत बढ़ा देगा। ईंधन महँगा होता है तो ट्रकों का भाड़ा बढ़ता है, कारखानों की लागत चढ़ती है और अंततः किराने की दुकानों पर दाम बढ़ जाते हैं। यही क्रम 'ऊर्जा झटके' को 'मुद्रास्फीति तूफान' में बदल देता है। विकसित भारत 2047 का स्वप्न सस्ती और स्थिर ऊर्जा पर आधारित है; यदि हर वैश्विक टकराव पर हमारी ऊर्जा सुरक्षा हिलती है, तो यह सपना बार-बार कसौटी पर होगा। विविधीकरण–चाहे नवीकरणीय ऊर्जा हो या नए आपूर्तिकर्ता–अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता है। महंगाई और रुपया इस भय के सबसे स्पष्ट संकेतक हैं। तेल में हर 10 डॉलर की बढ़ोतरी चालू खाते के घाटे को उल्लेखनीय रूप से बढ़ा देती है और आयात बिल को फुला देती है। रुपया दबाव झेलता है तो विदेशी ऋण महँगा हो जाता है और कंपनियों की बैलेंस शीट प्रभावित होती है। केंद्रीय बैंक को ब्याज दरों के माध्यम से संतुलन साधना पड़ता है, जिससे कर्ज महँगा और निवेश धीमा पड़ सकता है। अंततः इसका भार आम नागरिक उठाता है–ईंधन, खाद्य और रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम बढ़ते हैं। 'युद्ध-भय' इसलिए भी गहरा है क्योंकि यह अदृश्य कर की तरह काम करता है; बिना किसी घरेलू नीति-चूक के, वैश्विक संघर्ष हमारी क्रय शक्ति को कम कर देता है। पूंजी बाजार इस मनोविज्ञान को सबसे तेजी से प्रतिबिंबित करते हैं। अनिश्चितता बढ़ते ही विदेशी पोर्टफोलियो निवेश सिमटता है, इक्विटी सूचकांक गिरते हैं और नई परियोजनाओं के लिए पूंजी जुटाना कठिन हो जाता है। भारत का बाजार आकार भले पाँच ट्रिलियन डॉलर के करीब पहुँच गया हो, पर तेल-आधारित झटके इसे वैश्विक साथियों से पीछे धकेल सकते हैं। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी जोखिम आकलन के नए मानकों पर कसा जाता है। जब वैश्विक फंड प्रबंधक भू-राजनीतिक जोखिम प्रीमियम बढ़ाते हैं, तो उभरती अर्थव्यवस्थाएँ पहले झटका खाती हैं। एक युद्ध की खबर हजारों अंकों की गिरावट में बदल जाती है और विकास कथा पर प्रश्नचिह्न लग जाता है। यही वह क्षण है जब 'युद्ध-भय' आर्थिक वास्तविकता का रूप ले लेता है। आखिर हर संकट अपने भीतर समाधान का बीज भी छिपाए रहता है। यह परिदृश्य केवल असहायता का चित्र नहीं, बल्कि तैयारी और परिवर्तन की पुकार है। सरकारें ऊर्जा स्रोतों के विविधीकरण, रणनीतिक भंडार के विस्तार और नवीकरणीय निवेश के माध्यम से जोखिम सीमित करने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। कूटनीतिक संतुलन भी अनिवार्य है, ताकि सभी पक्षों के साथ ऊर्जा और व्यापारिक रिश्ते सुरक्षित रह सकें। आत्मनिर्भरता का अर्थ दुनिया से दूरी नहीं, बल्कि लचीले वैश्विक एकीकरण की समझदारी भरी नीति है। यदि हम इतिहास से सबक लेकर आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करें, घरेलू विनिर्माण को प्रतिस्पर्धी बनाएं और वित्तीय अनुशासन बनाए रखें, तो 'युद्ध-भय' स्थायी नियति नहीं रहेगा। अन्यथा हर वैश्विक टकराव हमारी अर्थव्यवस्था की नसों पर दबाव बनाता रहेगा। यह सिंड्रोम चेतावनी भी है और अवसर भी–चुनाव हमारा है कि हम भय में सिमटें या उसे नीतिगत सुधार की शक्ति में रूपांतरित कर दें।

# अमेरिका ईरान इजरायल महायुद्ध

भारत में धार्मिक विवाद का असर युवाओं पर सबसे ज्यादा पड़ता है क्योंकि युवा मन अपरिपक्व तथा किसी विचारधारा में ढला हुआ नहीं रहता और भारत में 65% 35 साल से कम उम्र के युवा निवासरत हैं। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश हैध स्वतंत्रता के बाद से भारत के संविधान में लोकतंत्र को सर्वोपरि स्थान दिया गया है देश की भौगोलिक तथा जनसंख्यात्मक विशालता में कुछ तत्व सांप्रदायिक हिंसा एवं अराजकता के परिस्थितियों के कारण उत्पन्न हो सकतें हैं, पर भारतीय लोकतंत्र की महानता एवं विशालता है कि इससे संवैधानिक भारतीय लोकतंत्र को बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ता, पर यह तय है कि सांप्रदायिक हिंसा एवं धार्मिक कट्टरता से लोकतंत्र की अवधारणा थोड़ी दिग्भ्रमित जरूर होती है पर इसकी मजबूती ना तो पहले कम हुई है और ना ही भविष्य में होने की कोई गुंजाइश ही है। हिंसा ,विवाद किसी भी



संजीव ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार

वर्तमान परिदृश्य में वैश्विक स्तर पर धार्मिक अतिवाद औपनिवेशिक विस्तारवाद के कारण कई देशों के मध्य युद्ध तथा हिंसा का तांडव मचा हुआ है अमेरिका इजरायल और ईरान युद्ध ने मानवता की हत्या की तबाही मचाई हुई है। अरबो अरबो रुपए का नुकसान और लगभग 3000 लोगों की मौत ने दुनिया को वैश्विक युद्ध के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दियाद्य ईरान के अयातुल्लाह घूमने की हत्या ने अमेरिका और इजरायल की मनमानी को विश्व के सामने एक भयानक तस्वीर लाकर खड़ी कर दी जो वैश्विक शांति, मानवता, सौहार्द के लिए सर्वथा बहुत ज्यादा घातक एवं भविष्य में अप्रिय परिणाम देने वाले हैं। धर्म की अवधारणा परोपकार, जनकल्याण, अहिंसा तथा मानवता को निरंतर आगे बढ़ाना है। जबकि अतिवाद किसी मान्यता विचार व अवधारणा को जबरन लागू करने की प्रक्रियागत सोच है। अतिवाद ही किसी भी विचारधारा या किसी पंथ को अति होने तक ले जाना है। अतिवाद किसी भी धार्मिक और राजनीतिक विषय में ऐसी विचारधारा के लिए प्रयुक्त होता है जो समाज की मुख्यधारा के नजरिए को स्वीकार नहीं करती है। यह एक ऐसा राजनीतिक अथवा धार्मिक सिद्धांत है जो अमर्यादित नीति का पक्षधर है तथा इसमें मध्यस्थता की कोई गुंजाइश भी नही होतीहै। यह धर्म की ओर एवं कठोर मान्यताओं को लोगों पर जबरदस्ती थोपने का कार्य करता है, तथा हिंसा ,हत्या बलात्कार आदि को सर्व मान्य रूप से सही ठहराता है। भारत में धार्मिक विवाद का असर युवाओं पर सबसे ज्यादा पड़ता है क्योंकि युवा मन अपरिपक्व तथा किसी विचारधारा में ढला हुआ नहीं रहता और भारत में 65' 35 साल से कम उम्र के युवा निवासरत हैं। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश हैद्य स्वतंत्रता के बाद से भारत के संविधान में लोकतंत्र को सर्वोपरि स्थान दिया गया हैद्य देश की भौगोलिक तथा जनसंख्यात्मक विशालता में कुछ तत्व सांप्रदायिक हिंसा एवं अराजकता के परिस्थितियों के कारण उत्पन्न हो सकतें हैं, पर भारतीय लोकतंत्र की महानता एवं विशालता है कि इससे संवैधानिक भारतीय लोकतंत्र को बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ता, पर यह तय है कि सांप्रदायिक हिंसा एवं धार्मिक कट्टरता से लोकतंत्र की अवधारणा थोड़ी दिग्भ्रमित जरूर होती है पर इसकी मजबूती ना तो पहले कम हुई है और ना ही भविष्य में होने की कोई गुंजाइश ही है। हिंसा ,विवाद किसी भी बात का कोई हल नहीं। यह लोकतंत्र के लिए एक धब्बे के समान है। किसी भी देश में लोकतंत्र की आम धारणा आपसी सद्भाव और समभाव को लेकर आधारभूत रचनात्मक रूप से की गई है। विश्व के शांति प्रस्तावक भारत देश में हिंसा और हिंसक आंदोलन की कोई जगह नहीं एवं यह किसी धार्मिक, सामाजिक अथवा आर्थिक असहमति का परिणाम तो कतई नहीं हो सकती है।भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक,प्रजातांत्रिक स्वतंत्र राष्ट्र है।वैचारिक चिंतन, प्रभुद्धता लोकतंत्र के प्रमुख अवयव होते हैं, राष्ट्र के किसी भी नीति में सहमत और असहमत होना एक सामान्य प्रक्रिया, प्रतिक्रिया हो सकती है, और आम जनमानस का किसी मुद्दे पर सहमत होना भी एक सामान्य बात हो सकती है पर किन्ही भी परिस्थितियों में असहमति हिंसा के रूप में कतई बर्दाश्त के योग्य नहीं होनी चाहिए, विरोध का स्वरूप राष्ट्रीय संपत्ति की बर्बादी तो किसी भी काल और खंड में स्वीकार्य नहीं है। यह राष्ट्र के लिए घातक और विकास की अवधारणा को अवरुद्ध करने वाला आत्मघाती कदम है।आंदोलन का स्वरूप सदैव शांति पूर्वक हो तो राष्ट्र तथा आमजन के हित में ही होगा। आंदोलनकारियों को शायद यह गुमान नहीं है कि राष्ट्रीय सरकारी संपत्ति आपके द्वारा दिए गए टैक्स के रूप में रुपयों से ही निर्मित होती है, इसे नष्ट करके आप स्वयं अपनी संपत्ति का नुकसान ही कर रहे हैं। आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैंद्य देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं,जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते है बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाती ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू ,मुस्लिम,सिक्ख,इसाई जातीय संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमां चुका है, वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबक बन चुके है।और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है। पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है क्योंकि इसकी जड़ें भारत के स्वतंत्रता के पूर्व से देश में गहराई लिए हुए हैं। जातीय वर्ग संघर्ष और भाषाई विवाद ऐसा मुद्दा रहा है जिससे लगभग एक शताब्दी तक भारत आक्रांत रहा है। आजादी के बाद से ही भाषा विवाद को लेकर कई आंदोलन हुए खासकर दक्षिण भारत राज्यों द्वारा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने एवं देश पर हिंदी थोपे जाने के विरोध में विरोध प्रदर्शनों को प्रोत्साहित किया गया। आज भी विभिन्न राज्यों में भाषाई विवाद एक ज्वलंत एवं संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है, चाहे वह बंगाल हो, तमिलनाडु हो, आंध्र प्रदेश हो, उड़ीसा और महाराष्ट्र में भी भाषाई विवाद अलग-अलग स्तर पर सतह पर पाए गए हैं। समान सिविल संहिता को लेकर बहुसंख्यक संविधान में आक्रोश है दूसरी तरफ अल्पसंख्यक समुदाय इसलिए डरा हुआ है कि कहीं उसकी अपनी अस्मिता एवं पहचान अस्तित्व हीन ना हो जाए। स्वतंत्रता के बाद से यह विकास की मूल धारणा थी कि पंचवर्षीय योजनाओं में वर्ग विहीन समाज में लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष तरीके से समाज का आर्थिक विकास तथा रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकेंगे। पर स्वतंत्रता के 75 साल के बाद भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में वर्ग विभेद भाषाई विवाद ने अभी भी आर्थिक विकास में कई बाधाएं उत्पन्न की है।

# खामेनेई के बाद ईरान का भविष्य

इजरायल ने अमेरिका के साथ साझा अभियान में ईरान पर हमला बोल ही दिया। हमले के शुरुआती दौर में ही ईरान के शीर्ष नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत से दोनों देशों ने अपने इरादे पूरी तरह जाहिर कर दिए थे। स्पष्ट है कि उन्होंने ईरान में विध्वंस ही नहीं, बल्कि सत्ता परिवर्तन की जिद को अपना लक्ष्य बना लिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तो ईरान की जनता का आह्वान तक कर दिया है कि अपने देश की कमान अपने हाथ में लीजिए और ऐसा मौका फिर पता नहीं कब मिले। देखा जाए तो ईरान पर यह हमला किसी आसन्न खतरे से अधिक अमेरिकी सत्ता प्रतिष्ठान के राजनीतिक गुणा-गणित, इजरायल की सुरक्षा चिंताओं और तथाकथित डोनरो सिद्धांत की आक्रामक



महत्वाकांक्षाओं का परिणाम है। डोनरो सिद्धांत के जरिये ट्रंप अमेरिकी प्रभुत्व का व्यापक विस्तार करना चाहते हैं। साल की शुरुआत में वेनेजुएला में तख्तापलट और ग्रीनलैंड को लेकर कड़े तेवर इसी रणनीति का हिस्सा रहे हैं। इसी कड़ी में अब ईरान पर बड़ा हमला किया गया है। अब अमेरिकी एजेंडा ईरान में सत्ता परिवर्तन का भले हो, लेकिन इतिहास साक्षी है कि जहां समाज, सेना और राज्य-सत्ता की जड़ें गहरी हों, वहां केवल बाहरी बमबारी से सत्ता की संरचना को नहीं बदला जा सकता। खामेनेई की मौत के संदर्भ में ट्रंप प्रशासन शीर्ष नेतृत्व के सफाए और वास्तविक सत्ता परिवर्तन के बीच के अंतर को या तो समझ नहीं पाया या फिर उसे अनदेखा कर रहा है। याद रहे कि ईरानी इस्लामी गणराज्य कोई एक व्यक्ति की तानाशाही नहीं, बल्कि समानांतर संस्थाओं वाला एक हाइब्रिड मॉडल है। यह मॉडल सर्वोच्च नेता के ऊपर सैद्धांतिक वैधता के छत्र तले रिवोल्यूशनरी गार्ड यानी आईआरजीसी, बसीज मिलीशिया, गार्जियन काउंसिल, विशेषज्ञ सभा, न्यायपालिका और विशाल धार्मिक-आर्थिक ट्रस्टों के संजाल से मिलकर बनता है। यह राजनीतिक, आर्थिक एवं सामाजिक पहलुओं पर नियंत्रण रखते हुए दमन का सहारा भी लेता है। इस संरचना के एक सिरे को उड़ा देने भर से यह समाप्त नहीं होती, बल्कि और खतरनाक रूप भी ले लेती है। वर्तमान परिस्थितियों में ईरान में जो संभावित परिदृश्य आकार लेते दिख रहे हैं, उसमें संभव है कि किसी प्रतीकात्मक धर्मगुरु को केंद्र में रखते हुए आईआरजीसी ही कमान अपने हाथ में ले।

# किले के पास होली चौक व सार्वजनिक भवन के पास वाली जगह से अतिक्रमण हटाने पर विवाद

जयपुर टाइम्स



**विराटनगर(निस)।** कस्बे के किले के पास होली चौक व सार्वजनिक भवन के पास तथा नाले वाली जगह और शीतला माता मंदिर, होली चौक क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद विवाद खड़ा हो गया है। एक ओर जहां ग्रामीणों ने लंबे समय से हो रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग की थी, वहीं दूसरी ओर प्रभावित पक्ष ने कार्रवाई को अवैध बताते हुए प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 22 में किले के पास स्थित नाले वाली जगह पर कुछ लोगों की ओर से चुना, पत्थर, रूडी आदि डालकर अतिक्रमण कर लिया गया था। ग्रामीणों ने नगर पालिका विराटनगर के अधिशासी अधिकारी फतेहसिंह मीणा को ज्ञापन देकर बताया कि उक्त स्थान पर नीमड़ी वाले भैरव बाबा व शीतला माताजी मंदिर के पास सामुदायिक स्थल है, जहां पिछले करीब 50-60 वर्षों से भैरव बाबा का मेला और होलिका दहन का आयोजन होता आ रहा है। ग्रामीणों का कहना था कि अतिक्रमण के कारण मेले और होलिका दहन के आयोजन में बाधा उत्पन्न हो रही है और रास्ता भी संकरा हो गया है। ग्रामीणों की मांग के बाद बुधवार को नगर पालिका प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर किले के पास वाली जगह को अतिक्रमण मुक्त करवाने की कार्रवाई की। इधर, जिस पक्ष का अतिक्रमण हटाया गया है। उन्होंने इस कार्रवाई को अवैध बताते हुए उपखंड अधिकारी विराटनगर के नाम तहसीलदार लालाराम यादव को ज्ञापन सौंपा है। प्रभावित पक्ष के ओमप्रकाश सैनी पुत्र हजारीलाल सेनी ने आरोप लगाया कि वर्ष 2023 में नगर पालिका की ओर से उन्हें नियमों के तहत डेयरी बूथ आवंटित किया गया था और वह तब से वहां डेयरी संचालन कर रहे थे। उनका कहना है कि 4 मार्च 2026 को जब वह पारिवारिक कार्यक्रम में जयपुर गए हुए थे, तब नगर पालिका के अधिकारियों व कर्मचारियों ने बिना किसी नोटिस और पूर्व सूचना के उनकी अनुपस्थिति में डेयरी बूथ को हटाकर सामान को करीब 500 मीटर दूर नाले में फेंक दिया। प्रभावित पक्ष ने इसे गैरकानूनी कार्रवाई बताते हुए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई तथा हुए नुकसान की भरपाई की मांग की है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि उक्त भूमि राजस्व रिकॉर्ड में नगर पालिका के नाम दर्ज है और यहां मंदिर, सामुदायिक भवन और सार्वजनिक चौक स्थित है, इसलिए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई आवश्यक थी।फिलहाल मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है और प्रशासनिक स्तर पर आगे की कार्रवाई पर सभी की नजर बनी हुई है। इधर अधिशासी अधिकारी फतेहसिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रभावित पक्ष की डेयरी आवंटित की गई थी, लेकिन जिस स्थान पर डेयरी आवंटित की थी उस स्थान पर डेयरी नहीं थी,जो कि अतिक्रमण के अंतर्गत आ रहा था और अतिक्रमण धारी को नोटिस भी दिया गया था,लेकिन नोटिस का कोई जवाब नहीं आया, जिस पर कार्रवाई की गई है।

## नरैना में चंद्रग्रहण के सूतक काल में निकाली भगवान नंदकेश्वर की शोभायात्रा

जयपुर टाइम्स

**नरैना(निसं)।** जब कोई सनातनी सनातन धर्म पथ से भटक जाये तो वह विनाश की ओर अग्रसर हो जाता है। हम बात कर रहे हैं नरैना कस्बे में चंद्रग्रहण के सूतक काल के दौरान आयोजित भगवान नंदकेश्वर शोभायात्रा की, जिसके आयोजकों ने न सिर्फ पौराणिक सनातन धार्मिक परंपराओं, सनातन धर्म संस्कृति व नीति विरुद्ध जाकर चंद्रग्रहण के सूतक काल के दौरान भगवान शिव के वाहन भगवान नंदकेश्वर की शोभायात्रा निकालकर दोष के भागी बन कलंकित किया अपितु अपने सनातनी होने पर भी प्रश्न चिन्ह लगा दिया। ऐसे लोगों के माध्यम से नीति विरुद्ध जाकर सनातन धर्म के कार्यक्रम होंगे तो सनातन धर्म का अनादर होने के साथ ही धर्म लाभ के बजाय घोर पाप के भागीदार ही बनेंगे। सूतक काल के दौरान जिन्होंने यह शोभायात्रा निकालने के लिए आर्थिक सहयोग दिया, सूतक काल के दौरान नंदकेश्वर की पूजा अर्चना की, ऐसे लोग भी पाप के भागीदार बन गए। बता दें कि कस्बे में एक सदी पूर्व नंदकेश्वर शोभायात्रा के दौरान झगड़े की वजह से सुभाष चौक क्षेत्र के निवासी तत्कालीन जयपुर रियासत के राज सवाई दरबार के 14 अप्रैल 1924 के निर्णय अनुसार रंगपंचमी को नंदकेश्वर की शोभायात्रा निकालकर रंगोत्सव मनाते थे, जबकि आजाद चौक क्षेत्र वासी होलिका दहन के दूसरे दिन धूलंडी पर रंगोत्सव मनाते थे लेकिन वर्ष 2020 से आजाद चौक वासियों को नंदकेश्वर की शोभायात्रा आजाद चौक लाने का झांसा देकर तत्कालीन जयपुर रियासत के राज सवाई दरबार के निर्णय के विरुद्ध जाकर धूलंडी के दिन नंदकेश्वर की शोभायात्रा निकालना शुरू किया लेकिन यह व्यवस्था आजाद चौक वासियों के लिए महज एक छलावा साबित हुई।

## ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने की मांग, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** कस्बे के ग्राम पंचायत मोहब्बतपुरा के ठेकदार छापरिया कंस्ट्रक्शन कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने के लिए विकास अधिकारी माधोराजपुरा को ज्ञापन सौंपा है। छापरिया कंस्ट्रक्शन कंपनी मोहब्बतपुरा के सभी विकास कार्यों को सम्पन्न किया जाता है। लेकिन छापरिया कंस्ट्रक्शन कंपनी की ओर से कोई भी कार्य पूर्ण नहीं किया जा रहा है। कौशल्या दास की बावड़ी में फरवरी 2025 से श्मशान घाट के लिए राशि स्वीकृत है लेकिन इस ठेकेदार की ओर से कार्य नहीं किया जा रहा है इससे परेशान होकर ग्रामीण जितेन्द्र शर्मा ने विकास अधिकारी माधोराजपुरा को इस ठेकदार को ब्लैकलिस्ट करने के लिए ज्ञापन सौंपा जिससे ग्राम पंचायत मोहब्बतपुरा में विकास कार्य सम्पन्न हो सके।

## पोस्ट-बजट वेबिनार का आयोजन आज

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की ओर से कृषि व ग्रामीण रूपान्तरण विषय पर 06 मार्च को प्रातः 10 बजे से वर्चुअल माध्यम से पोस्ट-बजट वेबिनार आयोजित किया जा रहा है। निदेशक सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार कपिल मीणा ने बताया कि यह वेबिनार केंद्रीय बजट में कृषि क्षेत्र से संबंधित घोषित पहलों के कार्यान्वयन के रोडमैप पर विचार-विमर्श करने की परामर्शात्मक प्रक्रिया का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि वेबिनार के उद्घाटन सत्र को माननीय प्रधानमंत्री संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि इसके पश्चात विभिन्न विषयगत सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें कृषि आधारित डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, एग्रो-फॉरेस्ट्री को बढ़ावा, बागवानी विकास तथा कृषि और ग्रामीण आजीविका को सुदृढ़ करने से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण पहलें शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि इनमें से पहला सत्र कृषि क्षेत्र के समग्र परिदृश्य पर केंद्रित होगा, जबकि शेष सत्र कृषि क्षेत्र के विभिन्न विशिष्ट क्षेत्रों से संबंधित होंगे। प्रधानमंत्री का संबोधन प्रातः 10 बजे से सभी सत्रों के लिंक पर लाइव प्रसारित किया जाएगा। प्रतिभागी प्रधानमंत्री के संबोधन को देखने के लिए उपलब्ध किसी भी लिंक के माध्यम से जुड़ सकते हैं।

## चलती ट्रेन में चढ़ते समय फिसला यात्री, महिला हैड कांस्टेबल ने बचाई जान

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** फुलेरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 3 पर एक यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने के प्रयास में फिसलकर नीचे जाने लगा, लेकिन प्लेटफॉर्म ड्यूटी पर तैनात महिला हेड कांस्टेबल सरोज की तत्परता और सूझबूझ से उसकी जान बच गई। जानकारी के अनुसार सवारी गाड़ी संख्या 19031 योगा एक्सप्रेस के आगमन के बाद रवाना होते समय पीछे के सामान्य कोच के पास एक ग्रामीण वेशभूषा में यात्री पानी के नल से बोतल भरकर चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह ट्रेन के नीचे जाने लगा। मौके पर ड्यूटी कर रही महिला हेड कांस्टेबल सरोज ने तुरंत सतर्कता दिखाते हुए यात्री को पकड़कर बाहर खींच लिया और ट्रेन मैनेजर को आवाज देकर ट्रेन रुकवाई। इसके बाद अन्य यात्रियों की मदद से उसे सुरक्षित प्लेटफॉर्म पर लाया गया। पूछताछ में यात्री ने किसी प्रकार की चोट नहीं लगने की जानकारी दी, जिसके बाद वह पुनः कोच में बैठ गया। समयाभाव के कारण यात्री का पूरा विवरण नहीं लिया जा सका। महिला हेड कांस्टेबल सरोज ने ड्यूटी के दौरान दिखाई गई सतर्कता और तत्परता को सराहनीय कार्य बताया जा रहा है।

## नगर निगम की कार्रवाईः अतिक्रमण हटाया, 31,500 रुपए कैरिंग चार्ज वसूला

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** नगर निगम जयपुर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देशानुसार पूर्व में प्राप्त शिकायतों के आधार पर गुरुवार को सतर्कता शाखा की टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के दौरान अस्थायी अतिक्रमण करने वालों से 31 हजार 500 रुपए कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा 3 केंटर सामान जब्त कर निगम के गोदाम में भिजवाया गया। सतर्कता टीम ने नगर निगम क्षेत्राधिकार में राजापार्क, नारायण सिंह सर्किल, शांति नगर गोपालपुरा मोड़, गोपालपुरा बाईपास, कांटा चौराहा और सचिवालय विहार सेंट्रल पार्क मानसरोवर क्षेत्रों में अभियान चलाकर अस्थायी अतिक्रमण हटवाए। उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि अभियान के दौरान सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अतिक्रमण को हटाकर तीन केंटर सामान जब्त किया गया। साथ ही मौके पर ही अतिक्रमण करने वालों से 31 हजार 500 रुपए कैरिंग चार्ज वसूला गया। उन्होंने बताया कि कार्रवाई के दौरान टीम ने अतिक्रमण करने वालों को समझाइश देते हुए भविष्य में सार्वजनिक स्थानों पर अस्थायी अतिक्रमण नहीं करने के लिए पाबंद किया।

भांकरी में रंगों और सौहार्द का संगम

## विधायक कुलदीप धनखड़ के निवास पर होली मिलन समारोह

### 51 मीटर का साफा तथा तलवार भेंटकर विधायक का किया स्वागत

जयपुर टाइम्स



**पावटा(निस)।** भांकरी में आयोजित होली मिलन समारोह में क्षेत्र के विधायक व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कुलदीप धनखड़ ने कार्यकर्ताओं और आमजन के साथ उत्साहपूर्वक भाग लेकर रंगों के इस पर्व को सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाया। उनके भांकरी स्थित निवास पर आयोजित इस समारोह में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए कार्यकर्ताओं, सामाजिक प्रतिनिधियों और आमजन ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह, उमंग और पारिवारिक माहौल देखने को मिला।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक कुलदीप धनखड़ ने कहा कि होली भारतीय संस्कृति का ऐसा पर्व है, जो केवल रंगों तक सीमित नहीं है बल्कि समाज को जोड़ने और दिलों की दूरियों को मिटाने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह पर्व हमें सिखाता है कि जीवन में अहंकार, द्वेष और कटुता को छोड़कर प्रेम, सद्भाव और भाईचारे के रंगों से समाज को सजाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्राचीन परंपराओं में होली को सामाजिक समरसता का पर्व माना गया है, जहां समाज के सभी वर्ग आपसी भेदभाव भुलाकर एक-दूसरे को रंग लगाते हैं और एकता का संदेश देते हैं। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए भांकरी में यह होली मिलन समारोह आयोजित किया गया, ताकि क्षेत्र में आपसी भाईचारा और सामाजिक सद्भाव और मजबूत हो सके।विधायक धनखड़ ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्रवासियों का अटूट प्रेम, निरंतर सहयोग और विश्वास ही उन्हें जनसेवा के लिए नई ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि जनता का स्नेह और समर्थन ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और वे क्षेत्र के विकास व जनहित के कार्यों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहेंगे। इस दौरान कार्यक्रम में आए लोगों ने विधायक का फूल-मालाओं व साफा पहनाकर, तलवार भेंटकर स्वागत किया और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। होली मिलन समारोह में क्षेत्र के कई सामाजिक कार्यकर्ता, युवा और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।अंत में विधायक कुलदीप धनखड़ ने सभी क्षेत्रवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कामना की कि रंगों का यह पावन पर्व सभी के जीवन में खुशियां, सौहार्द, स्वास्थ्य और समृद्धि लेकर आए तथा समाज में प्रेम और भाईचारा सदैव बना रहे।

## बंद किराना दुकान में भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** उपखंड मुख्यालय राजाखेड़ा कस्बे के मुख्य बाजार में गांधी चबूतरे के पास एक बंद होलसेल परचून व्यापारी की दुकान में भीषण आग लग गई। आग लगने से दुकान में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। आग की सूचना से बाजार में अफरा-तफरी मच गई और कुछ समय के लिए भगदड़ जैसे हालात बन गए। जानकारी के अनुसार आस-पास के व्यापारियों ने दुकान के शटर से धुआं निकलते देखा तो तुरंत दुकानदार निवेश जैन पुत्र मुन्नालाल जैन को सूचना दी। सूचना मिलने पर जब व्यापारी मौके पर पहुंचे और शटर खोला गया तो अंदर पूरी दुकान आग की लपटों से घिरी हुई थी। इसके बाद बाजार में हड़कंप मच गया। स्थानीय व्यापारियों ने तुरंत दमकल को सूचना दी और सामने स्थित एक घर के पानी के टैंक से मोटर लगाकर पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। आग की गंभीरता को देखते हुए व्यापारियों ने तुरंत विद्युत निगम को सूचना देकर बिजली आपूर्ति भी बंद करवा दी। सूचना पर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। स्थानीय व्यापारियों की सूझबूझ और सामूहिक प्रयासों से आसपास के घरों से पानी की व्यवस्था कर आग पर काफी हद तक काबू पा लिया गया। बाद में दमकल भी मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आग पर काफी हद तक नियंत्रण कर लिया गया था। व्यापारी निवेश जैन ने बताया कि होली के त्योहार के चलते उन्होंने सुबह दुकान की सफाई कर दुकान बंद कर दी थी और घर चले गए थे। करीब 12 बजे साथी व्यापारियों की सूचना पर वे दुकान पहुंचे तो देखा कि दुकान में आग लग चुकी थी और अंदर रखा सामान पूरी तरह जल गया। उन्होंने प्रारंभिक नुकसान करीब 4 से 5 लाख रुपए बताया है। हालांकि अभी तक नुकसान की लिखित रिपोर्ट थाने में नहीं दी गई है।

## आमजन की परिवेदनाओं का प्राथमिकता से करें निस्तारणः जिला कलक्टर



### ग्राम पंचायत निनोखर में आयोजित जनसुनवाई में अधिकारियों को दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में त्रिस्तरीय जनसुनवाई के माध्यम से आमजन से जुड़ी प्रत्येक समस्या का प्राथमिकता से निस्तारण कर अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक त्वरित राहत प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने गुरुवार को ग्राम पंचायत निनोखर में आयोजित जनसुनवाई में महिलाओं, बुजुर्गों की समस्याओं को सुनकर अधिकारियों को उनकी परिवेदनाओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने जनसुनवाई में आए लोगों की कई समस्याओं का संतोषजनक निस्तारण किया। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में परिवादी अपनी समस्या के समाधान के लिए प्रशासन से बड़ी उम्मीद रखते हैं। ऐसे में अधिकारी उनकी समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समयबद्ध निस्तारण करें साथ ही अधिकारी पारदर्शिता व जवाबदेहिता से काम करते हुए लोगों को राहत दें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिकारी नियमित रूप से कार्यालय स्तर पर जनसुनवाई करें जिससे आमजन से जुड़ी प्रत्येक समस्या का निस्तारण प्राथमिकता से हो। जनसुनवाई के दौरान रुकी हुई पेंशन चालू करवाने, राशन कार्ड शुरू करवाने, हैण्डपम्प लगवाने सहित अन्य प्रकरण प्राप्त हुए जिनका शीघ्र निस्तारण करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये। इस दौरान प्रकाश चन्द की ओर से खराब ई-कांटे, भगवान सिंह की ओर से पेंशन शुरू करवाने, महावीर की ओर से हैण्डपम्प मरम्मत करवाने, नाहर सिंह की ओर से जमाबंदी में नाम शुद्धिकरण करवाने और समस्त ग्रामवासियों की ओर से शमशान घाट की भूमि आवंटन व विद्यालय के रास्ते की साफ-सफाई करवाने का परिवाद दिया। जिस पर जिला कलक्टर ने तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। जन सुनवाई के दौरान कुल 26 परिवाद प्राप्त हुए जिनमें से 5 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## होली खेलने गए युवक पर फायरिंग, पैर में गोली लगी; बचाने आए दुकानदार की पिटाई, हाथ-पैर में फ्रैक्चर

### पुलिस ने दोनों पक्षों के करीब एक दर्जन लोगों को लिया हिरासत में

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** बाडी उपखंड के सदर थाना क्षेत्र के सण्डपुरा गांव में होली खेलने गए एक युवक पर पुरानी रंजिश के चलते हमला कर दिया गया। हमलावरों ने युवक के पैर में गोली मार दी। उसे बचाने आए एक दुकानदार पर भी लाठी-डंडों से हमला किया गया, जिससे उसके हाथ और पैर में फ्रैक्चर हो गया। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में धौलपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार छावरीपुरा गांव निवासी अंकेश पुत्र अग्रसेन गुर्जर होली के अवसर पर सण्डपुरा गांव में अपने रिश्तेदारों और परिचितों से मिलने गया था। वह गांव में छैल प्रकाश पुत्र श्रीकिशन गुर्जर की दुकान पर बैठा हुआ था। इसी दौरान गांव के हरिओम पुत्र रामकरण गुर्जर और करीब एक दर्जन अन्य लोग वहां पहुंचे और उस पर हमला कर दिया। अंकेश के अनुसार हमलावरों ने उस पर फायरिंग कर दी, जिससे गोली उसके पैर में लग गई। इस दौरान जब दुकानदार छैल प्रकाश ने उसे बचाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उस पर भी लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में छैल प्रकाश के हाथ और पैर की हड्डियां टूट गईं। शोर-शराबा सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो आरोपी वहां से फरार हो गए। घायल अंकेश ने बताया कि आरोपियों के साथ उनकी पंचायत चुनाव को लेकर पुरानी रंजिश चल रही है, जिसके चलते यह हमला किया गया। सदर थाना अधिकारी मोहर सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच पहले से विवाद चल रहा है और करीब दो महीने पहले भी दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ था, जिसमें मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों के करीब एक दर्जन लोगों को हिरासत में लिया है और उन्हें शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया जा रहा है। मामले की जांच जारी है।

समाज व देश के विकास में शिक्षकों का रहता है अहम योगदान : रामप्रताप

## शिक्षक संघ के ज़िलाध्यक्ष हरीसिंह गुर्जर का नागरिक अभिनंदन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** उपखंड के गांव करका खेरली में क्षेत्र के शिक्षाविद व राजस्थान पंचायती राज व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष हरी सिंह गुर्जर का विभिन्न संगठनों सामाजिक व राजनीतिक लोगों, शिक्षकों, संगठन के पदाधिकारियों की ओर से सम्मान समारोह आयोजित कर नागरिक अभिनंदन किया गया । समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तथा राजकीय सेवा में चयनित प्रतिभाओं का भी सम्मान किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध संत शिरोमणी पागल बाबा मौजूद रहे। जबकि समारोह की अध्यक्षता अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने की। समारोह में
विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में संगठन के प्रांतीय सभाध्यक्ष रामप्रताप मीणा व प्रदेश सलाहकार दशरथ सिंह सोलंकी शामिल हुए। समारोह के दौरान विभिन्न वक्ताओं ने शिक्षाविद एवं संघ के जिलाध्यक्ष हरी सिंह गुर्जर की ओर से शैक्षिक क्षेत्र में किए उल्लेखनीय योगदान संगठनात्मक कोशल व समाज व शिक्षक हित में किए गए विशिष्ट योगदान के लिए सम्मान किया गया। वहीं संघ के पूर्व प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा के नेतृत्व में संगठन की ओर से 21 किलो की माला पहनाकर साफा बाँधकर व शॉल उड़ाकर प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मान किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संत शिरोमणि पागल बाबा ने कहा कि छात्र शिक्षक की पूंजी होतें है। उनकी ओर से दिए ज्ञान से ही छात्रों में छुपी प्रतिभा का निखार होता है तथा वे सुयोग्य नागरिक बनते हैं। इसलिए एक अच्छे शिक्षक का सम्मान समाज और शिक्षकों की ओर से होना जरूरी है। महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा कि शिक्षक समाज की धुरी है। वर्तमान समय में सामाजिक ताने बाने में आरही गिरावट को दूर करने के लिए शिक्षकों को आगे आना चाहिए। संघ के प्रदेश सभाध्यक्ष रामप्रताप मीणा ने कहा कि समाज और देश के विकास में शिक्षकों की बड़ी भूमिका होती है। शिक्षक इसका ईमानदारी पूर्वक निर्वहन कर छात्रों को गुणबत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें। प्रदेश सलाहकार दशरथ सोलंकी ने संघ के जिलाध्यक्ष हरी सिंह गुर्जर की ओर से संगठन हित में किये कार्यों की जमकर सराहना करते हुए नई पीढ़ी के शिक्षकों से उनसे प्रेरणा लेने पर जोर दिया ।इस मौके पर केशब देव शर्मा, अनिल मिश्रा,केदार सिंह बघेला, अवधेश सारस्वत, वीरों कुमार गुर्जर, नंदकिशोर लोधी, सुनील कुमार,अशोक शर्मा,भानु प्रताप परमार, दीपेश सिंघल, राजेश कामबार, गौरव दुवे, गिरीश शर्मा, कुंज बिहारी शर्मा, बालकिशन, मयंक पचौरी, राजीव सिसोदिया, लोकेंद्र गर्ग, हेमेंद्र तोमर ,फिरोज खान, हरिओम शर्मा, राजकुमार राजपूत, राजेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताहः कार्यशाला का आयोजन




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** महिला अधिकारिता निदेशालय के निर्देशानुसार जिले में 4 से 8 मार्च तक अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को महिला अधिकारिता विभाग, चूरू की ओर से महिलाओ व किशोरियों के लिए एनीमिया जागरूकता कार्यक्रम व एनीमिया जाँच कार्यशाला का ग्राम पंचायत लोढ़सर में आयोजन किया। कार्यशाला में सुपरवाईजर प्रीति ने महिलाओ एव किशोरियों के लिए एनीमिया जागरूकता कार्यक्रम व एनीमिया जॉच के बारे में अवगत करवाया। इस दौरान कार्यकर्ता मन्जू, ग्राम साथिन भावना मान, पन्नाध्याय सम्मान व सुरक्षा केन्द्र परामर्शदाता सुमन चौधरी, आशासहयोगिनी कंचन, सहायिका संजू व मेडिकल विभाग से अमित आदि उपस्थित रहे।

## मंडावा में विहिप-बजरंग दल की बैठक, दो नए दायित्व घोषित



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** झुंझुनूं मार्ग स्थित बाला जी मन्दिर प्रांगण में गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की प्रवास बैठक आयोजित हुई, जिसमें सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार व संगठन विस्तार पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बजरंग दल के जिला संयोजक अंकित भीमसरिया व विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री जयराज जांगिड़ उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष मुकेश बागड़ी (मंडावा) ने की। इस दौरान जिला मंत्री जयराज जांगिड़ ने जितेंद्र सिंह नरूका को प्रखंड मंत्री और कृष्ण सिंह को बजरंग दल प्रखंड संयोजक का दायित्व सौंपने की घोषणा की। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

## लालर ल्या दे रे नंन्दल रा बीरा... खूब जमा फाल्गुन उत्सव




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय नया बास में माता जी मंदिर की गली में रात्रि को विशेष होली धमाल का आयोजन किया गया। होली के रसिया रामावतार मंत्री ने बताया कि होली पर्व पर नरेंद्र शर्मा व आकाश सोनी की ओर से गणेश वंदना से आगाज किया। लालर ल्या दे रे नंन्दल रा बीरा, राजा बलि की द्वार मची रे होली.... से सभी को नाचने पर मजबूर कर दिया। रामकरण पारीक, पिंटू सोनी, राहुल पारीक की ओर से भेरू बिल मायो रे व राजस्थानी गीतों व एक से बढ़कर एक होली धमाल गाकर होली का माहौल बना दिया। जिसमें सैंकड़ों महिलाएं व पुरुष नाचते हुए कार्यक्रम का आंनद लिया।किशन सोनी, शिवम मंत्री,महेश सोनी, मनीष शर्मा, शिवम शर्मा, रमेश स्वामी, गणेश सोनी, प्रदीप सोनी, संजय सोनी, मोहन लाल जांगिड़, मोहित तोषनीवाल, विनीत तोषनीवाल, घनश्याम कच्छावा, सुमनेश शर्मा, रतन सेन, धर्मेन्द्र क़िलक, सुभाष जाजू, कमल नयन, दिलीप तोषनीवाल व श्याम सखी मंडल की सदस्याएं उपस्थित रही।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** रतनगढ़ रेलवे ट्रेक पर रेल की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर आरपीएफ पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन सिविल पुलिस का मामला होने के कारण पुलिस को सूचना दी, जिस पर एएसआई भंवरलाल मय जाप्ता मौके पर पहुंचे तथा मृतक के शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। उसके बाद पुलिस ने मृतक की शिनाख्ती के प्रयास शुरू किए, तब जाकर युवक की शिनाख्त मोमासर निवासी 30 वर्षीय अशोक पुत्र रामूराम सारण के रूप में हुई। एएसआई भंवरलाल ने बताया कि मृतक के रिश्ते में बड़े भाई भंवरलाल की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज कर लाश का पोस्टमार्टम करवाकर शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। रिश्ते में भाई भंवरलाल ने पुलिस को दी रिपोर्ट में लिखा है कि अशोक कुमार की मानसिक हालत ठीक नहीं होने के कारण वह बुधवार की सुबह बिना बताए घर से निकल गया। परिजनों ने सब जगह तलाश किया, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। बुधवार की रात श्रीडूंगरगढ़ थाने में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी। वहीं गुरुवार सुबह अशोक की लाश चूरू रेलवे ट्रेक पर मिली। बुधवार की रात किसी समय युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई थी और शव क्षत-विक्षित हालत में मिला।

# नौसरिया में हिंदू सम्मेलनः सनातन संस्कृति अपनाने पर दिया जोर

जयपुर टाइम्स




**रतनगढ़(निस)।** तहसील के ग्राम नौसरिया में सर्व समाज की ओर से शिव मंदिर बगीची में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता भंवरलाल सारस्वत ने की तथा संत सान्निध्य फलाहारी बाबा सीताराम महाराज का रहा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक गिरेन्द्र सिंह रहे। संत सीताराम महाराज ने कहा कि सम्पूर्ण सृष्टि परमात्मा की अंश है अतः हम सभी को अपने अपने शुभ कर्मों का पालन करते हुए एक दूसरे के प्रति किसी भी प्रकार का जातिवाद अथवा ऊंच नीच का भेदभाव नहीं करना चाहिए। उपस्थित युवाओं को हर प्रकार के नशे, आलस्य अथवा कुसंगत से दूर रहने के लिए आग्रह कर अपना जीवन कर्तव्य पथ पर चलते हुए राष्ट्र हित में काम करने का आह्वान किया। उन्होंने मातृ शक्तियों को अपने बालक बालिकाओं को स्वदेशी संस्कृति, रहन-सहन, खान-पान अपनाकर महापुरुषों के पद चिह्नों पर चलने के लिए प्रेरणा देने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता गिरेन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अपने सौ वर्ष पूर्ण होने पर समाज को संकल्प बद्ध करने के लिए अपने जीवन में पंच परिवर्तन अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि - सभी प्रकार के जाति पांति के भेद भूलकर हमें परस्पर स्नेह से समाज में रहना चाहिए तथा प्रतिदिन पूरे परिवार को एक साथ बैठकर भोजन और आपस में वार्तालाप करना चाहिए। खेती बाड़ी में गाय के गोबर से बनी हुई शुद्ध खाद को प्रयोग में लेना चाहिए। विषाक्त रासायनिक खादों से की जाने वाली खेती से कैंसर जैसे जानलेवा रोगों से समाज रुग्ण और कमजोर होता जा रहा है। स्वदेशी संस्कृति, परस्पर स्नेह और सौहार्द का भाव रखते हुए अपने नागरिक कर्तव्यों का पालन करके ही हम भारत को उन्नति के शिखर पर स्थापित कर सकते हैं। सम्मेलन में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। अध्यक्ष सारस्वत ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। भैरव मंदिर पुजारी रिद्धकरण राजपुरोहित, शिव मंदिर पुजारी मदन सारस्वत, बालाजी मंदिर पुजारी कुंभाराम राजपुरोहित, हरिराम बाबा मंदिर पुजारी कन्हैयालाल, उदाराम मेघवाल, छोटू स्वामी, धर्मेंद्र सारस्वत, भगवानराम सारस्वत, गजानंद हुड्डा, भींवाराम हुड्डा, दातार सिंह, केसर सिंह चौहान, बंशीधर तावणिया, लक्ष्मीनारायण तावणिया, दुलारी देवी भोपा, नारायण नाई, मोहन स्वामी, सत्यनारायण सुथार, दीनदयाल सैन आदि को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन नगेंद्र शर्मा ने किया। इस अवसर पर सैंकड़ों की संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## विदेशी मेहमानों की पसंद बन रहा मंडावा, सनातन धर्म के प्रति विदेशियों में बढ़ी आस्था

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** दुनिया के सतरंगी मानचित्र पर नवरंगी छटा बिखेर रहा शेखावाटी की पर्यटन राजधानी मण्डावा विदेशी सैलानियों की पसंद बनती जा रही है। भारत की सनातन परम्परा और संस्कृति के प्रति विदेशियों का आस्था बढ़ी है। यही वजह है कि मण्डावा पर्यटन स्थल बनने के साथ बड़ी संख्या में विदेशी मण्डावा पहुंच रहे हैं। इतना ही नहीं सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार के बाद अब विदेशियों में सनातन के प्रति आस्था बढ़ी है। शायद यही वजह है कि प्रत्येक दिन कोई ना कोई विदेशी सैलानी मण्डावा स्थित श्री रघुनाथजी के मन्दिर में पहुंचकर भगवान का दर्शन पूजन कर रहे है। साथ में गले में रूद्राक्ष की माला पहनकर गंगा सनातन धर्म के प्रति आस्थावान दिखाई दे रहे हैं। स्पेन की टीना व मार्टिन जॉन ने बताया कि उन्हें भारत और भारतीयों के साथ यहां की संस्कृति बहुत पसंद है। भगवान रघुनाथ व शंकर हृदय में विराजते हैं। इतना ही नहीं उनके साथ के ग्रुप सदस्या मारिया ने भी बताया कि मैं भारत पांच से ज्यादा बार आ चुकी हूं। भारत के लोग मुझे बेहद पसंद है। श्री रघुनाथ मन्दिर, मण्डावा के महंत पवनदास महाराज ने कहा कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति हमेशा से भारत की विशेषता रहा है। यह भारत की विरासत, वर्तमान और भविष्य है। ऐस्ट्रॉलजर्स लता ने बताया कि इसमें कोई दो राय नहीं है, कि दुनिया का सबसे पुराना सनातन धर्म कई विदेशियों को भी आकर्षित करता है। कई वैज्ञानिक भी गीता के ज्ञान को सच मानते हैं। ऋषि-मुनियों की जमीं पर जो भी विदेशी कदम रखता है। उसे यहां की सभ्यता और संस्कृति से प्यार हो जाता है। भारत भ्रमण के लिए आने वाले हजारों लोग यहां सनातन धर्म और हिंदुओं के धार्मिक स्थलों को देखते हैं। उनसे जुड़ जाते हैं। कई विदेशी लोग भारत में धर्म को समझने और उसकी सीखों को लेने समय-समय पर आते रहते है। कई फेमस हॉलीवुड स्टार्स भी हिंदू धर्म अपना चुके हैं। कई इससे काफी प्रभावित हैं।

## दुलरासर में शरारती तत्वों ने सरसों में लगाई आग

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** तहसील के दुलरासर गांव में एक किसान की 3 बीघा सरसों की कटी हुई फसल में आग लग गई। शरारती तत्वों की ओर से लगाई गई इस आग में किसान सोबाकसिंह शेखावत की लगभग 12 क्विंटल सरसों जलकर राख हो गई। ग्रामीणों की सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई से पास खड़ी अन्य फसलें जलने से बच गईं। जानकारी के अनुसार किसान सोबाकसिंह ने अपनी 3 बीघा खेत की सरसों की फसल काटकर एक जगह ढेर कर रखी थी। अचानक फसल के ढेर से आग की लपटें उठने लगीं। जिससे गांव में हड़कंप मच गया। आग ने देखते ही देखते पूरी ढेरी को अपनी चपेट में ले लिया। आग की सूचना मिलते ही ग्रामीण मदद के लिए मौके पर पहुंचे। गांव के जसवीर सिंह, भगवान सिंह, शेर सिंह और उपेंद्र सिंह सहित अन्य युवाओं ने तुरंत पानी के टैंकरों का इंतजाम किया। उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर आग पर पानी छिड़कना शुरू किया और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस प्रयास से खेत में खड़ी अन्य फसलों को जलने से बचाया जा सका। पीड़ित किसान सोबाकसिंह ने बताया कि इस अग्निकांड से उन्हें लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। लगभग 12 क्विंटल सरसों जल जाने से उनकी सालभर की मेहनत बर्बाद हो गई है। किसान ने प्रशासन से इस घटना पर तुरंत कार्रवाई करने की मांग की है। सोबाक सिंह ने प्रशासन से व्यक्तियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की अपील की है। उन्होंने पटवारी और संबंधित विभाग से मौके का मुआयना कर नुकसान का आंकलन करने तथा उन्हें उचित सरकारी मुआवजा प्रदान करने की मांग की है ताकि इस आर्थिक संकट से उबर सकें।

## दर्जनों लोगों ने एक साथ आरएलपी ज्वाइन की

जयपुर टाइम्स



**सादुलपुर(निस)।** क्षेत्र के मूंदी ताल में गुरुवार को दर्जनों लोगों ने एक साथ राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) की सदस्यता ग्रहण की। मुकेश कुमार दुग्गल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में कई लोगों ने पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर आरएलपी का दामन थामा। कार्यक्रम के बाद क्षेत्र के राजनीतिक गलियारों में इसको लेकर चर्चा का माहौल बना हुआ है। इस अवसर पर आरएलपी तहसील अध्यक्ष अनूप पुनिया ने कहा कि पार्टी में शामिल होने वाले नए कार्यकर्ताओं का स्वागत है और उनके आने से संगठन को मजबूती मिलेगी। इस दौरान अनूप पुनिया और मोहन लाल झाड़सर ने पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों को दुपट्टा पहनाकर उनका स्वागत और अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि पार्टी लगातार क्षेत्र में जनहित के मुद्दों को उठाती रही है, जिससे प्रभावित होकर लोग बड़ी संख्या में आरएलपी से जुड़ रहे हैं। कार्यक्रम में मुकेश कुमार दुग्गल, रतन सिंग , सुमेर धानका, सुमेंर दुग्गल बंसी दुग्गल, विनोद धानका, रामस्वरूप डाबला, विनोद डाबला, विनोद बेनीवाल, काशीराम, सुनेंद्र सिंग माजू दिनेश भाटी अंकित भाटी अनूप सुरा अंकित सूंडा अनिल पुनिया सहित कई ग्रामीण और पार्टी कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## बगीची में लोक रंगोत्सव का आयोजन

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** मुकुन्दगढ मार्ग स्थित सीयारामजी की बगीची में गत रात को कला संगम का लोक रंगोत्सव मंहत विष्णु महाराज के सानिध्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने धमाल व मारवाड़ी लोक गीतों पर नृत्य का शानदार प्रदर्शन किया। दर्शक इस प्रस्तुति को बड़े उत्साह और तालियों के साथ सराहा। अलसीसर के कलाकार बन्टी और बबली एण्ड पार्टी ने नृत्य प्रस्तुत किया, जिसमें अभिनय और भावपूर्ण प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ ही स्थानीय कलाकारों की ओर से नृत्य की सुंदर प्रस्तुति ने मंच की शोभा बढ़ाई। इस आयोजन में मण्डावा के साथ ही बाहर के कलाकार भी शामिल हुए। उनकी प्रस्तुति ने दर्शकों में ऊर्जा और उत्साह भर दिया। कस्बे के जाने-माने लोग कार्यक्रम में शामिल होकर लोक कला और संस्कृति का आनंद उठाते नजर आए। कार्यक्रम में निवर्तमान नपा अध्यक्ष नरेश सोनी, मण्डावा पुलिस थाना के प्रतिनिधि मुलायम सिंह, श्री सर्वहितैषी व्यायामशाला, मण्डावा के अध्यक्ष सुरेश पालड़ीवाला, भाजपा नेता संदीप शर्मा आदि मंचासीन अतिथि रहे। कार्यक्रम संयोजक महंत विष्णु जोशी, राजेश रणजीरोत, संतकुमार चौपदार, पुरुषोतम सैनी, हरिसिंह नरूका, पवन कुमार सैन, पंकज शर्मा व सज्जनलाल सैन सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। अन्त में मंच का संचालन कर रहे शिक्षाविद्ध सुभाषचन्द्र बावलिया ने मेहमानों का आभार जताया। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कलाकारों के प्रदर्शन पर दर्शकों ने काफी तालियाँ बजाईं और आनंद व्यक्त किया। रंगोत्सव ने मण्डावा के कला प्रेमियों को एक साथ जोड़ते हुए सांस्कृतिक माहौल को जीवंत बना दिया।

## सरदारशहर के भोजक टी-20 विश्व क्रिकेटकप में करेंगे फोटो कवरेज



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** भारत और श्रीलंका के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित टी - 20 क्रिकेट विश्वकप सेमीफाइनल और फाइनल मैच की फोटो कवरेज के लिए प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया के वरिष्ठ फोटोग्राफर शैलेन्द्र भोजक को नियुक्त किया है। सरदारशहर निवासी शैलेन्द्र भोजक गत 20 वर्षों से प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया बंगलुरु में कार्यरत हैं। भोजक क्रिकेट कवरेज में विगिकता प्राप्त इससे पूर्व हानजियांग चीन में आयोजित एशियाड खेल में भी नियुक्ति हुई थी। शैलेन्द्र ने प्रेस ट्रस्ट के उत्कृष्ट प्रेस फोटोग्राफर पुरस्कार भी प्राप्त किए हैं। इस मौके पर स्व हनुमान मल, कलाकुंज के संस्थापक श्यामलाल, अशोक कुमार, महेंद्र व परिजनों सहित अनेक लोगों ने भोजक को बधाइयां देकर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## एडवोकेट नोहाल बने राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** खांडल विप्र विश्व परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील खांडल ने स्थानीय निवासी एडवोकेट विनोद कुमार नोहाल को राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। एडवोकेट नोहाल के राष्ट्रीय कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनने पर पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा, पूर्व पालिकाध्यक्ष किशोरीलाल बील, खाण्डल विप्र सेवा संस्थान के संरक्षक रघुनाथ प्रसाद जोशी, संस्थान के अध्यक्ष बद्री प्रसाद बंणसीया, युवा मंडल के अध्यक्ष दीपक डिडवानिया, पवन माटोलिया, एडवोकेट मनीष जोशी, मुकेश रिणवा, रतनगढ़ नागरिक परिषद जयपुर के सचिव मनीष रिणवा, सत्यनारायण पुरोहि -मेलूसर, पवन कुमार पिपलवा व राजकुमार बंणसीया, तीरुपुर - तामीलनाडू, रमाकांत काछवाल - रामगढ़, मुरलीधर मंडगीरा, श्याम सुंदर नोहाल, ओमप्रकाश मंगलहारा, अशोक कुमार जोशी, विनय बंशीया, श्याम सुंदर जोशी, गजानंद चोटिया, पंकज जोशी सहित कई समाज के लोगों ने बधाई देते हुए खांडल विप्र विश्व परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील खांडल का आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि एडवोकेट नोहाल पूर्व में 6 वर्ष राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष और 3 वर्ष उपाध्यक्ष रह चुके हैं। साथ ही संरक्षक मंडल में भी है।

**नाम परिवर्तन**

यह कि मैंने अपना नाम शाहरूख (SHAHARUKH) से बदलकर शाहरूख भुरान (SHAHRUKH BHURAN) रख लिया है। भविष्य में मुझे नये नाम शाहरूख भुरान (SHAHRUKH BHU-RAN) से जाना-पहचाना जावे। शाहरूख भुरान पुत्र समीर अहमद जाति-बिसायती निवासी-कनोई बिल्डिंग के पास, सुजानगढ जिला-चुरू

**नाम परिवर्तन**

यह कि मैंने अपना नाम हसन (HASAN) से बदलकर हसन खुडिवाला (HASAN KHUDIWALA) रख लिया है। भविष्य मे मुझे नए नाम हसन खुडिवाला (HASAN KHUDIWALA) से जाना-पहचाना जावे। हसन खुडिवाला पुत्र रमजान जाति-लिलगर निवासी-लिलगरो कि मस्जिद के पास वार्ड न.30 सुजानगढ जिला-चुरू

## फंदे पर झूलता मिला बुजुर्ग का शव

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सुजानगढ़ थाना क्षेत्र मे गुलेरिया की रोही में मांडेता से सुरवास रोड पर स्थित खेत में खेजड़ी के पेड़ पर फंदे से लटका बुजुर्ग का शव मिलनें की घटना सामने आई। जिस पर कोतवाली पुलिस सुजानगढ़ के एस आई रामस्वरूप, हेड कांस्टेबल रमेश मीणा ने टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बुलेंस चालक नवरत्न बिजारणिया, शंकर और अन्य लोगों की सहायता से शव को उतारकर सुजानगढ़ बगड़िया अस्पताल की मोरचरी मे रखवाया। मृतक की पहचान मांडेता रोड सुजानगढ़ निवासी मांगीलाल (55) पुत्र कुनणाराम जाट के रूप में हुई। गुरुवार सुबह पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट पर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार मृतक काफ़ी समय से मानसिक तनाव में था। बुधवार दोपहर खेत की ओर गया था।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DN SUJANGARH**

No:- 2901-2814 Date: 27/2/2026

**Notice Inviting Bid No 25/2025-26**

Bids for 2 (Two Nos) work are invited from interested bidders upto 06.00 PM dated 09.03.2026 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http:// eproc. rajasthan. gov.in/http://sppp.raj.nic.in) of the state and PWD departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 55.01 Lacs

NIB No. PWD2526A5960
UBN NO :-
1. PWD2526WSOB24803
2. PWD2526WSOB24805

**Executive Engineer**
**PWD Dn. Sujangarh**

DIPR/C/4792/2026

**कार्यालय ग्राम पंचायत अमरसर पंचायत समिति बीदासर**

दिनांकः - 27.02.2026

ग्राम पंचायत अमरसर में वर्ष 2025-26 निम्नांकित विकास कार्यो हेतु ई-निविदायें आंमत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित अन्य विवरण तथा समस्त निविदा शर्ते http//eproc.rajasthan.gov.in एवं http//sppp.rajasthan.gov.in देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

| क्र.सं. | निविदा संख्या / दिनांक | NIB NO | UBN No | वि.वि. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 08/2025-26/ 27.02.2026 | ZCR2526 A 1648 | ZCR2526WSOB02848 | |

प्रशासक
ग्राम पंचायत अमरसर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत अमरसर

# अंबे माता के जयकारों के बीच गूंजी गैर, फागोत्सव में झूमे लोग

## देर रात तक डीजे की धुनों पर थिरका गांव

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** फागोत्सव और होली की उमंग के बीच गांव पोयणा में अंबे माता जी के नाम आयोजित गैर नृत्य कार्यक्रम पूरे गांव के लिए यादगार जनउत्सव बन गया। गुरुवार को ढोल-थाली की गूंजती ताल, अंबे माता के जयकारों और पारंपरिक वेशभूषा में सजे युवाओं की ऊर्जा ने ऐसा माहौल बनाया कि मानो पूरा गांव एक विशाल सांस्कृतिक मंच में बदल गया हो। कार्यक्रम की शुरुआत माताजी सेवा संस्थान के पदाधिकारियो ने अंबे माता जी की विधिवत पूजा-अर्चना और जयकारों के साथ हुई। जैसे ही ढोल की पहली थाप गूंजी, युवाओं के कदम अपने आप थिरकने लगे। पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा में सजे युवाओं ने गोल घेरा बनाकर गैर नृत्य शुरू किया तो देखने वाले भी झूम उठे। ढोल और थाली की लयबद्ध ताल पर माताजी सेवा संस्थान अध्यक्ष भगवत सिंह देवड़ा, पत्रकार पुखराज कुमावत, जेठाराम कुमावत, धनाराम प्रजापत, भीमाराम देवासी ने एक साथ उठते कदमों ने ऐसा समां बांधा कि पूरा चौक तालियों और उत्साह से गूंज उठा। गांव के चौक में आयोजित इस कार्यक्रम को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण उमड़ पड़े। बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सभी पूरे उत्साह के साथ शामिल हुए। गैर नृत्य की सधी हुई प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और हर प्रस्तुति के साथ तालियों की गूंज तेज होती गई। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण उस समय बना जब पत्रकार पुखराज कुमावत भी पारंपरिक वेशभूषा में युवाओं के साथ गैर नृत्य में शामिल हो गए। ढोल की थाप पर उन्होंने भी युवाओं के साथ कदम से कदम मिलाते हुए शानदार प्रस्तुति दी, जिसे देखकर ग्रामीणों ने तालियों और जयकारों से उनका उत्साहवर्धन किया। इसी दौरान गांव की महिलाओं ने फागोत्सव के पारंपरिक गीतों से पूरे माहौल को लोक संस्कृति की खुशबू से सराबोर कर दिया। महिलाओं के समूह की ओर से गाए गए फाग गीतों की मधुर धुनों से वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्ण हो गया। महिलाएं तालियां बजाते हुए और गीतों के साथ झूमते हुए उत्सव में पूरी तन्मयता से शामिल रहीं।

शाम ढलने के साथ कार्यक्रम का उत्साह और भी चरम पर पहुंच गया। ढोल-थाली की लगातार बजती ताल और जयकारों के बीच युवा, बुजुर्ग और बच्चे सभी नाचते-गाते नजर आए। कई बुजुर्ग भी खुद को रोक नहीं पाए और युवाओं के साथ गैर की ताल में कदम मिलाते दिखाई दिए। कार्यक्रम के अंतिम चरण में युवाओं और युवतियों ने डीजे की तेज धुनों पर भी जमकर ठुमके लगाए। पारंपरिक लोकनृत्य और आधुनिक संगीत का यह अनोखा संगम ग्रामीणों के लिए विशेष आकर्षण बना रहा। देर रात तक युवा डीजे की धुनों पर झूमते रहे और पूरा गांव उत्सव की उमंग में डूबा रहा। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे आयोजन गांव की सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखने के साथ-साथ आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता को भी मजबूत करते हैं। पोयणा गांव में आयोजित यह गैर नृत्य कार्यक्रम फागोत्सव की एक यादगार झलक बनकर सभी के दिलों में बस गया।

# पुलिसकर्मियों ने खेली रंगों की होली



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** उपखंड, राजाखेड़ा पुलिस की ओर से होली के त्योहार पर शांति व्यवस्था रखने के लिए सर्वप्रथम राजाखेड़ा में दलबल के साथ फ्लैग मार्च किया और होली की प्रतिपदा के दिन शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए भी अपनी ड्यूटी निभाकर जगह-जगह प्वाइंट बनाए गए। कर्मचारियों को ड्यूटी पर तैनात किया गया। जिसके चलते राजाखेड़ा में हर आम व्यक्ति ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर रंग डालकर होली का त्यौहार मनाया। दूसरे दिन पुलिस वालो ने भी थाना प्रांगण में डीजे की धुन पर गीतों के साथ एक दूसरे पर गुलाल डालकर होली का त्यौहार मनायान पकोड़े और पापड़ भी शिकवाए गए। डीजे की धुन पर पुलिसकर्मी नाच गान करते हुए नजर आए।

# कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने किया औचक निरीक्षण

## 1.25 करोड़ की सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर दिए सख्त निर्देश



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** पशुपालन, गोपालन, डेयरी व देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने बुधवार को पाली जिले के दौरे के दौरान सुमेरपुर-कोलीवाड़ा मार्ग पर निर्माणाधीन पुल व नाले के कार्यों का औचक निरीक्षण किया। मंत्री ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता की विस्तृत जानकारी ली और निर्देश दिए कि कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाए और गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न हो। मंत्री कुमावत ने कहा कि सड़क निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी और स्थानीय लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। इससे क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और बजट घोषणाओं को पूरी गंभीरता के साथ जमीन पर उतारा जा रहा है। उन्होंने बताया कि बिपरजॉय योजना के तहत वर्ष 2024-25 में करीब 1.25 करोड़ रुपए की लागत से लगभग 3 किलोमीटर लंबी सड़क का नवीनीकरण मय पुल निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही मार्ग पर तीन स्थानों पर पाइप भी डाली जाएगी ताकि बारिश के दौरान पानी की निकासी सुचारू रूप से हो सके। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि अनोपसिंह, भाजपा जिला मंत्री दिनेश सिंह राजपुरोहित, जिला उपाध्यक्ष पूनम सिंह परमार, सुमेरपुर मंडल अध्यक्ष रविकांत रावल सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य रामनिवास मीणा पुत्र श्री प्रभातीलाल, निवासी ग्राम खोराबीसल, तहसील आमेर, जिला जयपुर से कांट गृह आदर्श गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड, रामा चैम्बर, टीवीएस शोरूम के सामने, बैनाड रोड, सरना डूंगर, जयपुर जरिये अध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा ( खाण्डल) व गुरू गर्स जरिये प्रोपराईटर / ऑथोराईज्ड सिग्नेटरी मुकेश कुमार डाकौत पुत्र प्रकाश कुमार डाकौत, निवासी वर्धानी क्लिनिक के पीछे, डाकौता का मौहल्ला, ग्राम खोराबीसल, तहसील आमेर, जिला जयपुर ने मेरे अभिभाष्य की वाके जयरामपुरा, तहसील रामपुरा डाबडी, जिला जयपुर में भूमि खसरा नम्बर 981, 982, 983, 1000 कुल किता 4 का कुल रकबा 0.34 हैक्टेयर भूमि को खरीद किया गया था। मेरे अभिभाष्य को सम्पूर्ण प्रतिफल राशि का भुगतान नही होने पर मेरे अभिभाष्य ने उक्त सौदे को नोटिस दिनांक 05.02.2026 से निरस्त कर दिया है तथा उक्त सोसायटी का उक्त भूमि से अब कोई लेना देना व संबंध सरोकार नही है, अब मेरा अभिभाष्य उक्त भूमि को किसी भी दीगर व्यक्ति, संस्था इत्यादि को बैचान, हस्तान्तरण करने के लिए पूर्णतया स्वतंत्र है। यदि उक्त भूमि के संबंध में उक्त सोसायटी से कोई व्यक्ति किसी भी प्रकार का संव्यवहार करता है तो वह प्रभावहीन व शून्य होगा तथा उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी अतः सूचित रहें।

**भवदीय**
**(जगदीश प्रसाद कुलदीप) एडवोकेट**

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती भोली देवी पत्नी गोपाललाल, जाति रैगर, निवासी ग्राम जयरामपुरा, तहसील आमेर, जिला जयपुर से प्रागपुरा गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड, जयपुर जरिये अध्यक्ष / मंत्री / संयोजक / व्यवस्थापक रामप्रसाद रैगर पुत्र बोदूराम रैगर, जाति रैगर, निवासी रैगरों की ढाणी, ग्राम दौलतपुरा (बैनाड) तहसील आमेर जिला जयपुर ने मेरी अभिभाष्या की वाके जयरामपुरा, तहसील आमेर, जिला जयपुर में भूमि खसरा नम्बर 970/1914, 976, 977, 978, 980, 984, 986, 987, 994, 995, 996, 997 कुल किता 12 का कुल रकबा 1.78 हैक्टेयर में से भूमि जरिये इकरारनामा दिनांक 10.04.2019 को खरीद की थी । मेरी अभिभाष्या को सम्पूर्ण प्रतिफल राशि का भुगतान नही होने पर मेरी अभिभाष्या ने उक्त इकरारनामा दिनांकित 10.04.2019 व इसके पश्चात निष्पादित दस्तावेजात चुकती भुगतान इकरारनामा व समर्पणनामा दिनांकित 27.09.202021 एवं मुख्त्यारनामो दिनांकित 27.09.2021 को जरिये नोटिस दिनांकित 19.01.2026 को निरस्त कर दिया है तथा उक्त सोसायटी का उक्त भूमि से अब कोई लेना देना व संबंध सरोकार नही है, अब मेरी अभिभाष्या उक्त भूमि को किसी भी दीगर व्यक्ति, संस्था इत्यादि को बैचान, हस्तान्तरण करने के लिए पूर्णतया स्वतंत्र है। यदि उक्त भूमि के संबंध में उक्त सोसायटी से कोई व्यक्ति किसी भी प्रकार का संव्यवहार करता है तो वह प्रभावहीन व शून्य होगा तथा उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी अतः सूचित रहें ।

**भवदीय**
**(जगदीश प्रसाद कुलदीप) एडवोकेट**

# श्री राम गौशाला में भक्ति भाव से मनाया होली महोत्सव

## महिला मंडली ने सवा लाख रुपये गौ सेवा में किए समर्पित



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** शहर के निकटवर्ती कोलीवाड़ा रोड स्थित श्री राम गौशाला में होली का पर्व गुरुवार को श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गौशाला परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने गौ माता की पूजा-अर्चना कर गौ सेवा का संकल्प लिया। गौशाला अध्यक्ष धीरज सांखला ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान गौशाला के सदस्य अशोक भाई की ओर से अपने परिवार में भाई मोहनलाल व चम्पालाल के यहां आयोजित प्रीतिभोज कार्यक्रम के उपरांत हरी सब्जियों व रोटियों का भोग गौ माता को अर्पित किया गया। परिवारजनों ने बताया कि गौ सेवा से बढ़कर कोई पुण्य कार्य नहीं है और आगे भी वे इसी प्रकार गौशाला की सेवा में सहयोग करते रहेंगे। होली के पावन अवसर पर गौशाला की सदस्य गीता बाई शांतीलाल कुमावत ने अपनी महिला मंडली की ओर से गौ सेवा के लिए एकत्रित की गई सवा लाख रुपये (1,25,000 रुपये) की राशि श्री राम गौशाला को सप्रेम भेंट की। उन्होंने घोषणा की कि इस राशि से गौशाला परिसर में आवश्यक निर्माण कार्य करवाया जाएगा, जिससे गौशाला की व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो सके। इसके साथ ही उषापुरी गेट निवासी राजेश कुमार छगनलाल चौहान (छीपा) ने भी गौ माता की सेवा में 5100 रुपये की सहयोग राशि भेंट कर गौ सेवा में अपनी सहभागिता निभाई। गौशाला प्रबंधन समिति ने सभी भामाशाहों व सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सहयोग और श्रद्धा से ही गौशाला में गौ माता की सेवा सुचारू रूप से संचालित हो रही है। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने गौ माता की आराधना कर समाज में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की और महादेव व गौ माता का आशीर्वाद सभी पर बने रहने की प्रार्थना की।

# अपना घर सेवा समिति ने की अग्नि पीड़ित परिवार की सहायता

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** बाड़ी उपखंड के कंचनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुर्रेदा निवासी वेदो नट के दोनों बेटों के घर में होली से ठीक पहले अचानक आग लग जाने से उनका घर तथा उसमें रखा समस्त सामान जलकर नष्ट हो गया। आगजनी की इस घटना से परिवार को भारी नुकसान हुआ और वे संकट की स्थिति में आ गए। घटना की सूचना मिलने पर समाजसेवी संगठन अपना घर सेवा समिति, बाड़ी के सदस्य पीड़ित परिवार की सहायता के लिए आगे आए। समिति के वरिष्ठ सदस्य मनोज मोदी को घटना की जानकारी मिलने के बाद समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और पीड़ित परिवार को राहत प्रदान की। इस कठिन समय में सामाजिक सरोकार निभाते हुए, अपना घर सेवा समिति बाड़ी की पुरुष व महिला इकाई और अपना घर आश्रम के सदस्यों ने मानवीय संवेदनाओं का परिचय दिया। समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों की ओर से अग्नि पीड़ित परिवार को एक माह की समस्त खाद्य सामग्री, रसोई के आवश्यक बर्तन, ओढ़ने- बिछाने के कपड़े तथा पहनने के वस्त्र उपलब्ध कराए गए, जिससे परिवार को राहत मिल सके। समिति के अध्यक्ष भुवनेश्वर शर्मा ने कहा कि समाज में किसी भी व्यक्ति पर संकट आने पर सभी को आगे बढ़कर उसकी सहायता करनी चाहिए और जरूरतमंदों के साथ खड़े रहना ही सच्ची मानव सेवा है। इस अवसर पर महिला इकाई की अध्यक्ष ऊषा मित्तल, सचिव नीलम गर्ग, विमला गर्ग, लता मंगल और पुरुष इकाई के मनोज मोदी,भुवनेश्वर शर्मा, राजेश शर्मा, कपिल गर्ग, विष्णु महेरे, हरिओम गर्ग और नितेश प्रजापति सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। पीड़ित परिवार ने समिति के इस सहयोग के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# भाजपा में विशेष आमंत्रित सदस्य बनने पर जग मोहन बघेल का फूलपुर में भव्य स्वागत

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर/फूलपुर।** राजस्थान सरकार के पूर्व राज्य मंत्री व भाजपा राजस्थान के पूर्व प्रदेश मंत्री जगमोहन बघेल को भारतीय जनता पार्टी राजस्थान में विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए जाने पर उनके निज ग्राम फूलपुर में ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उनका स्वागत कर सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता धौलपुर भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष व पूर्व सरपंच जयवीर पोसवाल ने की, जबकि वार्ड पंच तेज सिंह जाटव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जगमोहन बघेल ने कहा कि पार्टी ने उन्हें पहले भी कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी हैं और संगठन में मिली नई जिम्मेदारी का वे पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं– प्रधानमंत्री आवास योजना, खाद्य सुरक्षा योजना, निःशुल्क उपचार, गोपालन क्रेडिट कार्ड, किसान सम्मान निधि, वृद्धावस्था पेंशन सहित अन्य योजनाओं का लाभ गांव-गरीब तक पहुंचाने के लिए वे कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करेंगे। अध्यक्षता करते हुए जयवीर पोसवाल ने कहा कि जगमोहन बघेल हमेशा से आमजन, किसान, महिला, युवा और मजदूर वर्ग के हितों के लिए कार्य करते रहे हैं। एक किसान परिवार से होने के कारण वे ग्रामीणों की समस्याओं और पीड़ा को भली-भांति समझते हैं। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी किसान के बेटे हैं और क्षेत्रवासियों के हर सुख-दुख में सदैव साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने ग्रामीणों की ओर से दिए गए स्नेह और सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया। वार्ड पंच तेज सिंह जाटव ने कहा कि भाजपा सरकार सदैव किसान और मजदूर वर्ग के हित में कार्य करती आई है। उन्होंने जगमोहन बघेल और जयवीर पोसवाल के जनसेवा भाव की सराहना करते हुए लोगों से सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष और युवा उपस्थित रहे और पूरे आयोजन में उत्साह और जनसमर्थन का माहौल रहा।

# एसडीआरएफ ने नदी में डूबे युवक का शव दूसरे दिन निकाला

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के मनियां थाना क्षेत्र में महूरी गांव के नजदीक बुधवार दोपहर करीब 3 बजे रपट पार करते समय पैर फिसलकर नदी में गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। आसपास के खेतों में काम कर रहे लोगों को इस बात की जानकारी मिली तो वह मौके पर पहुंचे लेकिन उन्हें उसे व्यक्ति का कोई सुराग नहीं मिला। ग्रामीणों ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मनियां थाना प्रभारी नीरज कुमार शर्मा जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे और एसडीआरएफ टीम को सूचित किया। एसडीआरएफ टीम, लोकल गोताखोरों ने मृतक व्यक्ति के शव की देर शाम तक तलाश की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। दूसरे दिन गुरुवार सुबह 7 बजे मृतक व्यक्ति का शव लोकल गोताखोरों को नदी की दूसरी तरफ मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मनियां सीएचसी की मोर्चरी में रखवा दिया। मृतक की पहचान कलुआपुरा निवासी 50 वर्षीय प्रधान कुशवाह पुत्र रामलाल के रूप में हुई है। जिसका पोस्ट मार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। मृतक के पुत्र विजय सिंह ने मर्ग दर्ज करते हुए बताया कि मेरे पिता प्रधान कुशवाहा पुत्र रामलाल कुशवाहा बुधवार शाम करीब 3 बजे आलू की लेबर लेने के लिए निधेरा गांव गए हुए थे, रास्ते में रपट पर थोड़ा पानी होने के कारण पैर फिसल गया और वह पार्वती नदी में जा गिरे, उन्हें तैरना नहीं आता था इस कारण उनकी मौत हो गई।

# शीतला सप्तमी-बासोड़ा को लेकर सुमेरपुर में हलचल

## 36 कॉम की अहम बैठक आज, तय होगी भव्य आयोजन की रूपरेखा

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** सुमेरपुर के ऐतिहासिक और आस्था से जुड़े पर्व शीतला सप्तमी व बासोड़ा पूजन को लेकर शहर में तैयारियां तेज हो गई हैं। आयोजन को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए शुक्रवार को सुमेरपुर के आँखरिया चौक स्थित श्री शीतला माता मंदिर प्रांगण में 36 कॉम की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक सुबह 11 बजे आयोजित होगी, जिसकी अध्यक्षता शीतला माता मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष पुखराज चौधरी और छत्तीस कॉम अध्यक्ष शांतिलाल देवड़ा करेंगे। इस बैठक में श्री शीतला माता मंदिर निर्माण कमेटी, मंदिर ट्रस्ट, जगन्नाथ महादेव मंडल (छत्तीस कॉम) के पदाधिकारी, शहर के नागरिकों सहित विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। बैठक में शीतला सप्तमी व बासोड़ा पूजन कार्यक्रम की तैयारियों, धार्मिक अनुष्ठानों, श्रद्धालुओं की सुविधाओं, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

## कार्यालय ग्राम पचांयत पंडितपुरा, पंचायत समिति पावटा, जिला कोटपुतली - बहरोड़

क्रमाक :- ग्रा. प. वी. / 2025/95 दिनांकः- 27.02.2026

**ई-निविदा सूचना / 2025-26**

ग्राम पंचायत पंडितपुरा, पंचायत समिति पावटा, कोटपुतली - बहरोड़ में राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत करवाये जाने वाले निर्माण कार्यों हेतु सक्षम श्रेणी मे पंजीकृत प्रतिष्ठानों / संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र मे ई - निविदाये आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण eproc.rajasthan.gov.in व sppp.rajasthan.gov.in से upload/download की व देखी जा सकती है।

**UBN NO**
ZJP25264WSRC02790 ZJP25264WSRC02787
ZJP25264WSRC02789 ZJP25264WSRC02786
ZJP25264WSRC02788 ZJP25264WSRC02785

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पचांयत पंडितपुरा,**
**पं.स. पावटा, जिला कोटपुतली**

**प्रशासक**
**ग्राम पचांयत पंडितपुरा,**
**पं.स. पावटा, जिला कोटपुतली**

## Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd.,JAIPUR.

No. NIT/2025-26/ 39831-43 Date: 05.03.2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 741/2025-26**

निम्नलिखित कार्य के लिए केन्द्र / राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है :

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु0 ) |
|---|---|
| Repair & Maintenance work on Kishangarhbas-Khairthal-Bansur-Kotputli Road. UBN- RRC2526WSOB01271 | 36.79 Lakh |
| SITC of Passenger Lifts work in Salim Durrani Residential Sports School, Bikaner. UBN- RRC2526WSOB01269 | 16.82 Lakh |
| LAN Networking & Fire Fighting work in Salim Durrani Residential Sports School, Bikaner. UBN- RRC2526WSOB01270 | 43.90 Lakh |
| MOT, Transformer, RMU, Panel, Cable Shifting & other Electrical Related work at Zanana Hospital, Jaipur. UBN- RRC2526WSOB01282 | 49.17 Lakh |

धनविदा से सम्बन्धि तप्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईटः http// eproc.rajasthan.gov.in, http//sppp.rajasthan.nic.in तथा http// pwd.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है । इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http// eproc.rajasthan.gov.in रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

**महाप्रबंधक**

## कार्यालय ग्राम पचांयत पुरूषोत्तपुरा, पंचायत समिति पावटा, जिला कोटपुतली - बहरोड़

क्रमाकः-ग्रा.प.पु./2025 / 29 दिनांकः- 4/3/2026

**ई - निविदा सूचना / 2025-26**

उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्माण कार्यों हेतु सक्षम ग्राम पंचायत पुरूषोत्तपुरा, पंचायत समिति पावटा, कोटपुतली-बहरोड़ में राजस्थान लोक श्रेणी मे पंजीकृत प्रतिष्ठानों/संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र मे ई-निविदाये आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण eproc.rajasthan.gov.in व sppp.rajasthan.gov.in से upload/download की व देखी जा सकती है।

UBN NO- ZIP2526WSRC02805,
ZIP2526WSRC02808

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पचांयत पुरूषोत्तपुरा,**
**पंचायत समिति पावटा**

**प्रशासक**
**ग्राम पचांयत पुरूषोत्तपुरा,**
**पंचायत समिति पावटा**

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
06 मार्च, 2026


## लक्ष्मणगढ़ में 11 मार्च को भरेगा शीतला माता का पारंपरिक मेला



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** शहर में स्थित शीतला माता मंदिर में इस वर्ष पारंपरिक शीतला माता मेले का आयोजन 11 मार्च को किया जाएगा। मेले की तैयारियों को लेकर श्री शीतला मंदिर कमेटी की बैठक 4 मार्च को आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता आत्माराम ढूण्डलोदिया ने की। बैठक में उपस्थित पंडितों की राय के बाद सर्वसम्मति से मेले की तिथि निर्धारित की गई। कमेटी के मंत्री जयप्रकाश सोनी ने बताया कि मेले की पूर्व संध्या 10 मार्च की रात्रि को मंदिर परिसर में भजन जागरण का आयोजन होगा। जागरण में शेखावाटी क्षेत्र के संतों का सानिध्य रहेगा और स्थानीय भजन गायक कलाकार भक्ति रस से सराबोर प्रस्तुतियां देंगे। उन्होंने बताया कि 11 मार्च की सुबह मेले के अवसर पर चंग-ढप का पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। फाल्गुन माह के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में लोकधुनों और भक्तिमय माहौल के बीच श्रद्धालु उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। बैठक में राजकुमार पाराशर, रामधन जांगिड़, मधुसूदन दायमा, ईश्वरी प्रसाद, रतन ढूण्डलोदिया, सज्जन पाराशर, प्रदीप व्यास, गौतम सैन, प्रदीप जांगिड़, योगेश गोस्वामी, शौरभ शर्मा, सत्यम पाराशर, दिपेश व्यास, राकेश पाराशर, रमेश छिछासवाला, शौरभ व्यास, रोबीन सैन व यश जोशी सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। कमेटी ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शीतला माता मेले व जागरण कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

## पराक्रम सिंह का जन्मदिन स्नेह मिलन के साथ मनाया



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय दाधीच समिति सभागार में होली स्नेह मिलन हुआ। जिसमें बीजेपी चूरू के जिला महामंत्री व यूथ क्लब एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पराक्रम सिंह राठौड़ का जन्मदिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया ने की। विशिष्ट अतिथि राज्य मंत्री राजेंद्र नायक, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, पूर्व प्रधान संतोष मेघवाल, पूर्व सभापति उप बाबूलाल कुलदीप रहे। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सादगी के साथ पराक्रम सिंह का जन्मदिवस मनाया। कार्यक्रम में पराक्रम सिंह को 11 किलो 21 किलो 51 किलो की फूल मालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रवक्ता मनीष दाधीच, महावीर सिंह परावा, पार्षद मनोज पारीक, गौरव इंदौरिया, गणेश मंडावरिया, प्रेम स्वामी रेवंतमल पंवार, रविन्द्र पांडे, मुरारी गोवला, हिमांशु भाटी, दीनदयाल, सोनू, करनी सिंह,पूर्व मंडल अध्यक्ष बजरंग सिंह, उगम सिंह जोगलसर, छेलू सिंह, दुर्गाराम सारस्वत सारोठिया, तखुराम बावरी, करणी सिंह गेड़ाप आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में राजलदेसर से आई पार्टी ने चंग पर धमाल कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। संचालन गौरव इंदौरिया ने किया।

## एआईसीसी की मीडिया समन्वयक डॉ. चयनिका उनियाल का अभिनंदन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश कार्यालय में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की मीडिया समन्वयक और इतिहास की प्रोफेसर डॉ. चयनिका उनियाल पंडा का अभिनंदन किया गया। महासभा के प्रदेशाध्यक्ष धर्मेंद्र कीलक ने डॉ. चयनिका उनियाल को दुशाला, दुपट्टा, पुष्पहार और प्रतीक चिन्ह प्रदान कर उनका अभिनंदन किया। कीलक ने डॉ. उनियाल को राष्ट्रीय जाट महासभा की गतिविधियों से अवगत करवाते हुए स्थानीय और प्रदेश की राजनैतिक परिदृश्य पर भी चर्चा की। इस अवसर पर डॉ.चयनिका उनियाल पंडा ने कहा कि समाजसेवा और वंचितों को सहयोग करने में राष्ट्रीय जाट महासभा बेहतरीन कार्य कर रही है। इस अवसर पर राष्ट्रीय जाट महासभा से जुड़े कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## होटल मालिक मुन्नीराम की हत्या के षड्यंत्र में शामिल तीन आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** कस्बे में सोमवार को होटल मालिक मुन्नी राम की हत्या के मामले में षड्यंत्र रचने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थानाधिकारी दिलीप सिंह ने बताया कि घटना की रेकी करने के आरोप में मनोज कुमार, सुभाष गोदारा व लेखराम कडवासरा को गिरफ्तार किया गया है। तीनों आरोपियों को गुरुवार को सुजानगढ़ न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें चार दिन की पुलिस कस्टडी (पीसीसी) पर लिया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों से मामले में गहन पूछताछ की जा रही है और हत्या की साजिश से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच जारी है। मामले में अन्य संदिग्धों की भूमिका को लेकर भी पड़ताल की जा रही है।

# जनसुनवाई में जिला कलक्टर सुराणा ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

### मिखाला ग्राम पंचायत में आईटी सेंटर पर जनसुनवाई, पेयजल-बिजली सहित 8 प्रकरणों पर दिए समाधान के निर्देश

जयपुर टाइम्स



**तारानगर(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने गुरुवार को तारानगर क्षेत्र की मिखाला ग्राम पंचायत मुख्यालय स्थित आईटी सेंटर में आयोजित पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित व प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मिखाला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर वहां बच्चों को मिल रही सुविधाओं, पोषण व्यवस्था और साफ-सफाई की स्थिति का भी जायजा लिया।

जनसुनवाई के दौरान जिला कलक्टर सुराणा ने अधिकारियों से कहा कि आमजन से प्राप्त परिवेदनाओं पर प्राथमिकता के साथ कार्रवाई की जाए और जनसुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पारदर्शिता व संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी माध्यम से प्राप्त जनसमस्याओं का समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाना चाहिए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने प्रकरणवार समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों को नियमित रूप से ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनने और उनका समाधान सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सरकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सके। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने विद्युत आपूर्ति में कम वोल्टेज, गांव में पेयजल आपूर्ति में परेशानी, जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन डालने से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत, आबादी विस्तार सहित कुल 8 प्रकरण प्रस्तुत किए। जिला कलक्टर ने इन सभी मामलों में संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला कलक्टर ने मिखाला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करते हुए बच्चों को दिए जा रहे पोषण आहार, स्वास्थ्य जांच और केंद्र की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने तथा नियमित गतिविधियों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसडीएम राजेन्द्र कुमार ने भी अधिकारियों को जिला कलक्टर की ओर से दिए गए निर्देशों की समुचित पालना करते हुए समयबद्ध रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान तहसीलदार हनुमान सिंह, बीडीओ अशोक कुमार सहित विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बीदासर में हत्या कांड के बाद बड़ा एक्शनः आरोपी से जुड़ी होटल व मकान सीज

जयपुर टाइम्स



**बीदासर(निस)।** कस्बे में सोमवार रात्रि को होटल मालिक मुन्नीराम की हत्या के मामले में प्रशासन ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए संदिग्ध आरोपी से जुड़ी संपत्तियों को सीज कर दिया। पुराना बस स्टैंड स्थित खुडिया होटल को अवैध निर्माण करार देते हुए प्रशासन की ओर से सीज किया गया। बताया जा रहा है कि सीज की गई इस होटल में मास्टरमाइंड माने जा रहे हिस्ट्रीशीटर देवीसिंह खेरिया की साझेदारी भी सामने आई है। कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी पुनमचंद नाई ने जानकारी देते हुए बताया कि कान्ता देवी पत्नी जगदीश प्रसाद प्रजापत की ओर से आवासीय स्वीकृति के विपरीत व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही थीं। इसे नियमों के विरुद्ध पाते हुए होटल को सीज किया गया है। इसके अलावा वार्ड नंबर चार स्थित हिस्ट्रीशीटर देवीसिंह खेरिया पुत्र रामसिंह खेरिया निवासी ढढेरू के मकान पर भी कार्रवाई की गई। बिना नगरपालिका की स्वीकृति के आवासीय निर्माण कार्य किए जाने के कारण उसे अवैध मानते हुए सीज किया गया। तहसीलदार अमर सिंह बौचला ने बताया कि हत्या मामले में संदिग्ध व्यक्तियों की अवैध या नियम विरुद्ध संपत्तियों को चिन्हित कर सीज करने की कार्रवाई की जा रही है। आगे भी संदिग्ध आरोपियों की संपत्तियों पर इसी प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन की ओर से दोनों संपत्तियों पर नोटिस चस्पा कर स्पष्ट किया गया है कि सीज अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की गतिविधि पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान डीएसपी नेमीचंद चौधरी, थानाधिकारी दिलीप सिंह, छापर व सांडवा थाना पुलिस तथा नगरपालिका बीदासर की टीम मौजूद रही। मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए और पुलिस प्रशासन के समर्थन में नारेबाजी की। हत्या प्रकरण को लेकर सरकार और प्रशासन एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं।

## चांदी और सोने के भाव में भारी कमी, चांदी 32400 और सोना 6500 रुपए सस्ता हुआ

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** होली और धूलंडी पर्व के बाद सोने और चांदी की कीमतों में अचानक तेजी से गिरावट आई है जयपुर सराफा बाजार की ओर से 2 मार्च के बाद 5 मार्च गुरुवार को सोने और चांदी के भाव जारी किए गए जिसमें गुरुवार को चांदी 32400 और सोना 6500 रुपए सस्ता हुआ है। जानकारी के अनुसार जयपुर सराफा बाजार में गुरुवार को चांदी 265600 रुपए प्रति किलो के दर से बेची गई इसी तरह से शुद्ध सोना 164500 और जेवराती सोना 153900 रुपए प्रति 10 ग्राम के हिसाब से बेचा गया। जानकार लोगों का कहना है कि भले ही गुरुवार को चांदी और सोने के भाव में भारी गिरावट दर्ज की गई हो लेकिन पिछले कई महीनो से जिस तरह से सोने और चांदी की कीमतों में कभी जबरदस्त तरीके से वृद्धि देखने को मिली तो कभी कीमतों में भारी कमी देखने को मिली उससे जयपुर सराफा बाजार से जुड़े लोगों का भी कहना है कि अभी यह कहना काफी मुश्किल है कि चांदी और सोने की कीमतों में आने वाले दिनों में निरंतर कमी आएगी क्योंकि इससे पहले भी पिछले कुछ महीनो में कई बार चांदी और सोने की कीमत आसमान छू गई तो फिर कुछ दिनों बाद ही सोने और चांदी की कीमतों में तेजी से गिरावट देखी गई इसलिए सोने और चांदी की कीमतों को लेकर सोने चांदी के कारोबार से जुड़े लोग भी यह ठीक तरीके से अंदाजा नहीं लग पा रहे। की आने वाले दिनों में सोने और चांदी की कीमतों में और कमी आएगी या फिर वृद्धि होगी हालांकि आने वाले दिनों में गणगौर नवरात्र इत्यादि त्योहार जरूर आने वाले हैं तथा शादियों का सीजन भी अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है ऐसे में सोने और चांदी के आभूषण की डिमांड बढ़ेगी लेकिन जयपुर सराफा बाजार से जुड़े लोगों का कहना है कि आजकल गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार में जिनके यहां शादी है वह ज्यादातर ग्राहक पुरानी चांदी को बेचकर उसमें जो पैसे मिलते हैं उसमें थोड़े बहुत पैसे और मिला कर आभूषण खरीद लेते हैं इसलिए उनके कारोबार में पिछले कई महीनो से कोई ज्यादा असर नहीं पड़ रहा है उनके कारोबार में वृद्धि नहीं हो रही है क्योंकि ज्यादातर ग्राहक अपने निर्धारित बजट के अनुसार ही आभूषण खरीद रहे हैं इस समय इन्वेस्ट के इरादे से भी लोग बहुत कम सोना और चांदी खरीद रहे हैं क्योंकि पिछले कई महीनो से सोने और चांदी की कीमतों में जो अस्थिरता का माहौल बना हुआ है उसको देखते हुए लोग सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने की जगह जमीन में और रियल स्टेट के कारोबार में अपनी पूंजी ज्यादा निवेश कर रही है क्योंकि जमीन और रियल स्टेट में पूंजी निवेश करने से उन्हें नुकसान होने की बिल्कुल भी चिंता नहीं रहती क्योंकि जमीन और रियल स्टेट के कारोबार में हमेशा तेजी ही देखने को मिली है जमीन के भाव लगातार बढ़ ही रहे हैं कम नहीं होते हैं जबकि पिछले कुछ महीनो में भी कई बार ऐसा देखने को मिला जब चांदी और सोने के भाव आसमान छू गए और फिर चंद दिनों के बाद ही चांदी और सोने की कीमतों में अचानक तेजी से गिरावट भी देखने को मिला इसलिए सोने और चांदी की कीमतों में जो अस्थिरता का माहौल बना हुआ है उसकी वजह से लोग सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने की जगह जमीन में इन्वेस्ट करने में ज्यादा रुचि दिखा रहे हैं इसीलिए सोने और चांदी की खरीदारी कमजोर पड़ी हुई है ।

### जिला कलक्ट्रेट सभागार में जिला निष्पादक समिति की बैठक

## विद्यालयों में बुनियादी सुविधाएं हों सुनिश्चित, सरकारी योजनाओं का हो प्रभावी क्रियान्वयनः डॉ जितेंद्र सोनी

### जिला कलक्टर ने शिक्षा अधिकारियों को दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को सभी राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने व राज्य वबकेंद्र सरकार की विभिन्न शैक्षिक योजनाओं का प्रभावी व समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं। जिला कलक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को शिक्षा विभाग की जिला निष्पादक समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पीएम श्री स्कूलों का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा विद्यालय परिसरों में पेयजल, स्वच्छ व उपयोगी शौचालय, पुस्तकालय, विद्युत व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं सुचारु रूप से संचालित रहें। डॉ. सोनी ने विद्यालयों के पुस्तकालयों को अधिक सक्रिय बनाने पर भी जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि पुस्तकालयों में उपलब्ध पुस्तकों का विद्यार्थियों के बीच नियमित वितरण किया जाए तथा विद्यार्थियों को पुस्तक अध्ययन के लिए प्रोत्साहित किया जाए। साथ ही विद्यार्थियों में पुस्तकों के संरक्षण व जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के लिए भी प्रयास किए जाएं। बैठक में जिला कलक्टर ने भूमि विहीन विद्यालयों की समस्या पर विशेष ध्यान देते हुए शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे विद्यालयों के लिए शीघ्र भूखंड उपलब्ध कराने की कार्यवाही की जाए। इसके साथ ही विद्यालयों में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए खेल मैदान की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने शिक्षा अधिकारियों को राजकीय विद्यालयों में नामांकन वृद्धि के लिए विशेष अभियान चलाने, विद्यार्थियों के जन आधार प्रमाणिकरण एवं आधार प्रमाणिकरण जैसे कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने तथा विभाग की ओर से निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से हासिल करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान शिक्षा विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा भी की गई। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिक्षा से जुड़ी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र विद्यार्थी तक पहुंचे, इसके लिए सतत मॉनिटरिंग और प्रभावी समन्वय सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर आशीष कुमार, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मुकुल कविया, जिला शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान के अधिकारी सहित विभिन्न संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने प्रबंधन व संचालन समिति का किया गठन

## जयपुर जिला प्रशासन करेगा माधोराजपुरा स्थित मंदिर श्री खेड़ापति बालाजी का संचालन

### उपखण्ड अधिकारी माधोराजपुरा की अध्यक्षता में समिति ने संभाला मंदिर का प्रबंधन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** माधोराजपुरा स्थित मंदिर श्री खेड़ापति बालाजी अब जिला प्रशासन जयपुर के अधीन हो गया है। न्यायालय सिविल जज व अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, फागी (जयपुर) की ओर से 4 फरवरी को पारित आदेश की अनुपालना में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की ओर से मंदिर और उससे संबंधित समस्त संपत्तियों के प्रबंधन व संचालन के लिए समिति का गठन किया गया है। मंदिर का संचालन प्रशासक, मंदिर ठिकाना गलताजी द्वारा किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर जयपुर चतुर्थ अशीष कुमार ने बताया कि जिला कलक्टर की ओर से गठित समिति की अध्यक्षता उपखण्ड अधिकारी, माधोराजपुरा करेंगे। समिति में तहसीलदार माधोराजपुरा तथा देवस्थान विभाग के निरीक्षक को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। न्यायालय के आदेशानुसार मंदिर श्री खेड़ा हनुमानजी तथा उससे संबंधित समस्त संपत्तियों के प्रबंधन व संचालन के लिए प्रशासक, मंदिर ठिकाना गलताजी को अधिकृत किया गया था। इसी क्रम में जिला कलक्टर की ओर से प्रबंधन व संचालन समिति का गठन किया गया। समिति के अध्यक्ष उपखण्ड अधिकारी, माधोराजपुरा की ओर से 16 फरवरी को मंदिर का प्रबंधन व परिसंपत्तियां प्रशासक, मंदिर ठिकाना गलताजी के नियंत्रण में लेते हुए मंदिर के संचालन की व्यवस्था संभाल ली गई है। वर्तमान में मंदिर में विधिवत रूप से पूजा-अर्चना प्रारम्भ कर दी गई है और व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित की जा रही हैं।

### सरदारशहर के जाकिर दमामी की संदिग्ध मौत मामला

## पुलिस प्रशासन व धरनार्थियों के बीच बनी सहमति, दूसरे दिन धरना किया समाप्त

### पुलिस ने निष्पक्ष जांच के लिए मांगा दस दिन का समय

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के राजकीय उप जिला चिकित्सालय के आगे जाकिर दमामी की संदिग्ध मौत के मामले को लेकर दो दिनों से मामले में निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर धरना दिया जा रहा था। धरने के दूसरे दिन पुलिस प्रशासन व एडवोकेट राजेंद्र राजपुरोहित सहित धरनार्थियों के बीच सहमति बनने पर धरना समाप्त किया गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। विकास मंच के अध्यक्ष एडवोकेट राजेंद्र राजपुरोहित ने बताया कि पुलिस प्रशासन की ओर से मामले की निष्पक्ष जांच को लेकर 10 दोनों का समय मांगा गया है। जिसको लेकर मामले की पूरी निष्पक्ष जांच को लेकर पुलिस को 10 दिनों का समय दिया गया है। एक-एक बिंदु पर पुलिस के साथ वार्ता की गई। जिसमें पुलिस की ओर से सहमति जताने पर धरना दूसरे दिन समाप्त कर दिया गया है और पुलिस की ओर से मृतक के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। धरनार्थियों ने बताया कि अगर 10 दोनों के बाद अगर पुलिस प्रशासन मामले की निष्पक्ष जांच नहीं करता है तो पुलिस थाने का घेराव कर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। पिछले दो दिनों से धरने पर दमामी समाज के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता सहित शहर के अनेक लोगों ने मृतक को न्याय देने की मांग को लेकर धरने का समर्थन किया। पंचायत समिति के निर्वतमान उपप्रधान केसरी चंद शर्मा ने भी धरनार्थियों के बीच पहुंचकर धरने का समर्थन करते हुए पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की है।




स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।